हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 5 फरवरी 2025




## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में घुसकर चोरी

**राजनांदगांव।** एक फैक्ट्री में रात को अज्ञात चोरों ने प्रवेश कर वहां रखे सामानों को पार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोरातराई स्थित बरार इंडिया प्राईवेट लिमिटेड में बीती रात चार अज्ञात चोर मुंह को बांधकर फैक्ट्री के भीतर घुसे और यहां पर रखे कापर विभिन्न सामान एवं वायर को चोरी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी अंकित बल्लेवार ने दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### गर्मी की दस्तक

**राजनांदगांव।** फरवरी माह के पहले सप्ताह से ही गर्मी ने अपना एहसास कराना शुरू कर दिया है। दोपहर के समय धूप चूभने लगी है। जिससे लोगों को छांव की तलाश करते देखा जा रहा है। इधर रात के समय भी तापमान में वृद्धि हुई है। लिहाजा लोगों को पंखा इत्यादि का उपयोग करना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि आगामी दिनों में गर्मी का व्यापक असर रहेगा। ज्ञात हो कि मकर संक्रांति पर्व के बाद से मौसम में तेजी से परिवर्तन होना शुरू हुआ है।

### माय एंगल




# जिला पंचायत चुनावः आसरा-बोरतलाब में आमने-सामने की लड़ाई

# गैंदाटोला में सर्वाधिक 11 प्रत्याशी, सिंघोला सीट से एक फार्म निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन के बाद स्क्रूटनी की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। 68 अभ्यर्थियों में सिर्फ एक एकता चंद्राकर का ही नामांकन रद्द किया गया है। इसके बाद 67 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में शेष रह गए हैं। आज की स्थिति में आसरा और बोरतलाब जिला पंचायत क्षेत्र में दो-दो प्रत्याशी शेष रह गए हैं। वहीं सर्वाधिक 11 प्रत्याशी जिपं क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला में है। वहीं अब छह फरवरी तक नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी। उसके बाद ही चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 27 जनवरी से शुरू हुए त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया 3 फरवरी को समाप्त हो चुकी है। जिसके बाद चार फरवरी को स्क्रूटनी की प्रक्रिया की गई। आज और कल दो दिन नाम वापसी के लिए समय दिया गया है। स्क्रूटनी के दौरान जिला पंचायत के 68 में से एक, जनपद पंचायत के 122 नामांकन में से - का फार्म रिजेक्ट कर दिया गया है। इधर चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने अपना प्रचार भी शुरू कर दिया है। गांव-गांव के दौरा कर लोगों से अपने समर्थन में वोट मांगा जा रहा है। इस चुनाव में कई नए तरीके भी प्रचार के देखने को मिल रहे हैं। पंच से लेकर सरपंच, जनपद के प्रत्याशियों ने भी प्रचार शुरु कर दिया है।

## छह फरवरी तक नाम वापसी का समय, चुनाव चिन्ह का आवंटन भी इसी दिन

### इन क्षेत्र से इतने प्रत्याशी

मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 में पांच, क्षेत्र क्रमांक 2 में छह, क्षेत्र क्रमांक 3 में दस, क्षेत्र क्रमांक 4 में पांच, क्षेत्र क्रमांक 5 में चार, क्षेत्र क्रमांक 6 में दो, क्षेत्र क्रमांक 7 में आठ, क्षेत्र क्रमांक 8 में पांच, क्षेत्र क्रमांक 9 में तीन, क्षेत्र क्रमांक 10 में दो, क्षेत्र क्रमांक 11 में 3, क्षेत्र क्रमांक 12 में ग्यारह और क्षेत्र क्रमांक 13 में तीन-तीन अभ्यार्थी चुनावी मैदान में शेष हैं। इस तरह जिले की कुल 13 जिला पंचायत सीटों में 67 अभ्यर्थी मैदान में हैं।

### खास बातें

- जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पदों के लिए भी स्क्रूटनी की कार्रवाई पूरी
- नाम वापसी के बाद साफ होगी गांव के चुनाव की तस्वीर




**6 को चिन्ह आबंटन :** जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने बताया कि जिले के 13 जिला पंचायत क्षेत्र से कुल 68 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है। 4 फरवरी को नामांकन पत्रों की समीक्षा की गई, 6 फरवरी को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का वितरण किया जाएगा।

## कई नेताओं के कटे टिकट, विधायकों की पसंद भी दरकिनार

# अधिकृत प्रत्याशी की सूची से कांग्रेस में मचा बवाल, दिग्गज नेता नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तेरा-मेरा के चक्कर में अटकी रही कांग्रेस की जिला पंचायत के अधिकृत प्रत्याशियों की सूची के जारी होने के बाद तीन जिलों में बवाल की स्थिति निर्मित हो गई है। प्रदेश कांग्रेस की अनुशंसा के बगैर ही जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी की गई सूची को लेकर शिकवा-शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। जारी की गई सूची में अधिकृत प्रत्याशियों के नाम को बदलने का भी जबर्दस्त दबाव बनाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस में पिछले एक हफ्ते से चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस विधायकों और संगठन के बीच चल रही तकरार के बीच जारी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों की सूची से घमासान तेज हो गया है। हालात यह है कि जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस को बगावत की आग से जूझने जैसी स्थिति निर्मित होते दिखाई दे रही है। सूत्रों ने बताया कि तीनों जिलों में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस की अनुशंसा कराए बगैर ही सूची को जारी कर दिया है। जिसके चलते अब आक्रोश की स्थिति निर्मित होते दिखाई दे रही है। बताया जाता है कि कुछ सीटों में कांग्रेस विधायकों ने अपने समर्थकों को अधिकृत करा दिया है। जिसके चलते ग्रामीण स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस विधायकों को इस बात का भय सता रहा है कि यदि उन्होंने विस चुनाव के दावेदारों को जिला पंचायत का चुनाव कांग्रेस के अधिकृत होकर लड़ने का मौका दिया तो अगली बार ऐसे नेता फिर से विस चुनाव में प्रबल दावेदार के रूप में सामने आ जाएंगे। यही कारण है कि ऐसे नेताओं को अधिकृत कराया गया है। जिससे उन्हें अगली बार टिकट के लिए कोई दिक्कतें न उठाना पड़े।



- कई दिग्गजों के नाम सूची से हटाए गए
- प्रदेश संगठन तक पहुंची शिकवा शिकायतें, सूची में बदलाव की भी मांग

**यह रही सूची :** कांग्रेस ने जिपं 1 से श्रीमती वेजन्ती शाण्डे, 2 से श्रीमती कविता साहू, 3 से भागवत साहू, 5 से श्रीमती रिता सुरेश नाहटा, 6 से श्रीमती नीलम साहू, 8 से श्रीमती पुष्पा वर्मा, 9 से श्रीमती प्रभा साहू, 10 से श्रीमती रामक्षत्री चंद्रवंशी, 11 से श्रीमती अश्वनी मंडलोई, 12 से श्रीमती राजकुमारी सिन्हा और 13 से प्रताप धावड़े को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। वहीं क्षेत्र क्रमांक 4 व 7 से अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है।

### हाईकमान के आदेश को किया नजर अंदाज


जिला पंचायत चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी पर्यवेक्षकों और संगठन के नेताओं को साफ तौर पर यह आदेश दिया था कि जिन सीटों पर एक से ज्यादा दावेदार सामने आते हैं, वहां कांग्रेस द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को अधिकृत नहीं किया जाएगा। तीनों जिलों के कई सीटों पर ऐसी स्थिति निर्मित रही, लेकिन जिला कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश की धज्जियां उड़ाते सूची जारी कर दी है।

### सूची रद्द करने का बना दबाव

बताया जाता है कि खैरागढ़, राजनांदगांव और मोहला जिला कांग्रेस द्वारा जारी की गई सूची को लेकर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास शिकायत भी की है। शिकायत के बाद प्रदेश कांग्रेस द्वारा सूची को रद्द करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कुछ सीटों पर अधिकृत प्रत्याशी के नाम को बदलने का भी दबाव बनाया गया है, लेकिन जिला संगठन ने हाथ खड़े कर दिए हैं।

# चुनावी शोर के बीच होगी दसवीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ में निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव की घोषणा कर दी है। 11-23 फरवरी तक वोटिंग है। इन सबके बीच 14 फरवरी से सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है। इसके साथ ही एक मार्च से सीजी बोर्ड की भी परीक्षाएं हैं। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई पर बड़ा असर पड़ सकता है। वहीं शिक्षक चुनाव में व्यस्त रहेंगे। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव 11 फरवरी को होंगे। 15 फरवरी को नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के नतीजे आ जाएंगे। इस बार नगरीय निकाय के चुनाव ईवीएम से ही होंगे। निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव की भी घोषणा कर दी है। यह चुनाव 3 चरण में होंगे। इसमें 17, 20 और 23 फरवरी को पंचायत चुनाव के लिए मतदान होगा।

शिक्षकों का कहना है कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा, माक टेस्ट के बाद प्री-बोर्ड परीक्षा के बीच प्रैक्टिकल की परीक्षाएं चल रही है। इसी बीच चुनाव भी होना है। इससे निश्चित तौर पर पढ़ाई पर असर पड़ेगा। शिक्षक लगातार मुस्तैदी से अपनी दोहरी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, पर उनका भी काम करने की एक सीमाएं हैं। इस प्रकार का कार्यक्रम तय करने से पहले सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए था।

### स्कूल बनेंगे मतदान केंद्र

चुनाव के दौरान ज्यादातर स्कूलों को मतदान केंद्र बना दिया जाता है। इस वजह से कक्षाएं बंद हो जाती है या फिर सिर्फ नाममात्र के लिए चलती है। चुनाव की तैयारियों में स्कूल का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी पूरी तरह इस्तेमाल होता है। जिससे स्टुडेंट्स को पढ़ाई के लिए शांत माहौल नहीं मिलता। इसका विरोध भी किया जा रहा है। शिक्षक संघों का कहना है कि चुनाव और परीक्षाओं का टकराना निश्चित है।

# चुनावी माहौल के बीच वैवाहिक आयोजनों की धूम, भवन-कैटरिंग की एडवांस बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फरवरी माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्त से लोगों में उत्साह का माहौल है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में कई लोगों के यहां वैवाहिक आयोजन है। वहीं इन दिनों चुनावी माहौल का भी वातावरण निर्मित है। सुबह से देर शाम तक बाजे-गाजे की गूंज बन रही है।

ज्ञात हो कि मकर संक्रांति के बाद से मांगलिक कार्यक्रमों के लिए मुहूर्तों की शुरूआत हो चुकी है। फरवरी माह में भी लगातार वैवाहिक मुहूर्तों का क्रम बना हुआ है। जिससे लोगों में उत्साह का माहौल निर्मित है एवं लोगों की व्यस्तता बढ़ी हुई है।

पंचाग के अनुसार इस माह 2, 3 फरवरी को मुहूर्त था। इसके बाद लगातार 6, 7, 8, 11, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22, 23, 24 तारीख को मांगलिक मुहूर्त है। जिसके चलते कई परिवार जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होने हैं। उनमें व्यस्तता का आलम बना हुआ है। तैयारियां भी जोर-शोर से जारी है। मांगलिक शहनाईयों के साथ ही इधर नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का वातावरण निर्मित है। जिसके चलते बाजे-गाजे छोटे-बड़े जुलूस का नजारा बना हुआ है। नगरीय निकाय चुनाव के चलते शहर के ग्रामीण वार्डों से लेकर शहरी वार्ड में दीवार लेखन, झंडा, बैनर, पोस्टर, पाम्पलेट से गली-कूचे शहर के चौक-चौराहे सजे हुए हैं।

### ग्रामीण इलाकों में भी चुनावी चर्चा

इधर ग्रामीण इलाकों में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का माहौल तैयार होने लगा है। चौक-चौराहों में ग्रामीणों के बीच चुनावी चर्चाओं का दौर है। जिससे आगामी दिनों में ग्रामीण इलाकों में भी चुनावी सरगर्मी बने रहने की संभावना है। कई ग्रामीण वैवाहिक आयोजनों के बीच चुनावी वातावरण के लिए भी समय निकालने व्यस्त नजर आने लगे हैं।

### बाजे-गाजे के बीच शहनाईयों की गूंज

बहरहाल चुनावी बाजे-गाजे के बीच मांगलिक शहनाईयों की भी गूंज बनी हुई है। इधर लगातार फरवरी माह में वैवाहिक मुहूर्तों के क्रम से लोगों में उत्साह बना हुआ है। शादी पार्टी-बारात के साथ ही व्यस्तता में भी दिन गुजर रहा है।

## मेयर के गुलाबी, पार्षद प्रत्याशी के सफेद पर्ची में रहेंगे नाम

# सभी बूथों में रहेंगी दो मशीनें, 80+ उम्र वालों को भी केंद्र आकर देना होगा वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव के लिए दो वोटिंग मशीन हर पोलिंग बूथ पर लगेगी। जिसमें से एक वोटिंग मशीन के जरिये पार्षद प्रत्याशी को वोट होगा। वहीं दूसरी मशीन में मतदाता महापौर प्रत्याशी के लिए मतदान करेंगे। शहर में 155 पोलिंग बूथ होंगे। जिनमें 7 सहायक मतदान केंद्र भी होगा। हर बूथ पर दो वोटिंग मशीन लगेगी।

80 वर्ष से अधिक उम्र आयु वर्ग के बुजुर्गों के लिए लोकसभा और विधानसभा में दी गई वोटिंग की सुविधा इस नगरीय निकाय चुनाव में नहीं होगी। जिला प्रशासन द्वारा महापौर और पार्षद पदों पर वोटिंग के लिए मतदाताओं को जागरूक करने सार्वजनिक स्थलों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में मतदान की प्रक्रिया समझाई जा रही है।



**मतदान दल में सिर्फ पुरूष कर्मचारी :** नगरीय निकाय चुनाव के तहत संपन्न होने वाले मतदान में सिर्फ पुरूष कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान दल के लिए पुरूष कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त होने के चलते ऐसा किया गया है।

### दो वोट होंगे जारी

पोलिंग बूथ पर मतदान कर्मचारियों द्वारा वोटरों के लिए दो वोट जारी किए जाएंगे। जिसमें पहले मशीन पर मतदान करने में हल्की बीप की आवाज आएगी। वहीं दूसरी मशीन का बटन दबाते ही लंबी बीप की आवाज के साथ मतदान की प्रक्रिया पूरी होगी।

### दो कलर की पर्ची

महापौर पद के उम्मीदवारों के लिए वोटिंग मशीन पर सफेद पर्ची में महापौर प्रत्याशियों का नाम और चुनाव चिन्ह होगा। वहीं पार्षद प्रत्याशियों के लिए वोटिंग मशीन में गुलाबी रंग की पर्ची पर पार्षद प्रत्याशियों का नाम और उनके चुनाव चिन्ह होंगे।

# मड़ई घूमकर लौट रहे युवकों से मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंडई होने से गांव गए युवा बाइक में सवार होकर घूमने निकले थे। इस दौरान मोपेड में सवार युवकों ने उनसे विवाद करते मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी देवेन्द्र चंद्रवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 फरवरी को ग्राम हालेकोसा में मंडई होने से वह अपने दोस्तों के साथ ग्राम भंडारपुर आए थे तथा मंडई देखकर हालेकोसा से घूमने के लिए रात करीब 10 बजे छुरिया के लिए मोटर साइकिल से निकले थे। हालेकोसा मोड के आगे पहुंचे थे, तभी स्कूटी में सवार अजय पटोरिया, तुषार अग्रवाल व जतीन गोस्वामी ने मोटर साइकिल को लात से मारकर इन लोगों को गिरा दिया तथा तीनों हाथ-मुक्का, झापड़ व लात से इनको मारने लगे तथा एक लड़का चाकू जैसा हथियार से उसे पीठ तथा विक्रम कंवर को कुल्हे के पास मारा। जिससे वह बेहोश जैसा हो गया था, तब 112 वाहन से छुरिया अस्पताल लेकर आए तथा उपचार कराए हैं। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपियों का पता तलाश कर पुलिस ने आरोपी अजय पटोरिया उम्र 22 साल, तुषार अग्रवाल 21 साल एवं जतीन गोस्वामी 18 साल के खिलाफ कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य, सहायक उपनिरीक्षक सत्तूलाल कवर, आरक्षक नंद राठिया, देवीलाल, असवन वर्मा, अयूब एक्का एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## कल डोंगरगढ़ प्रवास पर रहेंगे गृहमंत्री अमित शाह, मंदिर में दर्शन भी करेंगे

# गौरी नगर, तुलसीपुर और लखोली में जनसभा लेंगे सीएम साय, लोगों की भीड़ जुटाने आमंत्रण कार्ड बांट रहे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कल छह फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के दौरे में रहने वाले हैं। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह के तय कार्यक्रम बाद वे राजनांदगांव नगर निगम में तीन जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। भाजपा सीएम की सभा ऐसे वार्डों में आयोजित करा रही है, जो अब तक कांग्रेस का गढ़ माने जाते रहे हैं। वहीं सभा में भीड़ जुटाने के लिए एक विशेष आमंत्रण कार्ड छपवाया गया है, जिसे कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर बंटवाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर होने वाले मतदान से पहले प्रचार के लिए अब गिनती के दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में सत्ताधारी दल भाजपा ने पूरी ताकत झोंकना शुरू कर दिया है। स्टॉर प्रचारकों के कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही अब आला नेताओं के रोड-शो और जनसभाएं आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में कल गुरुवार को सीएम विष्णुदेव साय प्रचार करते नजर आएंगे। उनके बाद विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल भी प्रचार करते दिखेंगे। भाजपा संगठन प्रचार को लेकर पूरा रोड मैप तैयार कर चुका है। जिसके अनुसार ही नेताओं के दौरे कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर सांसद, विधायक को भी लोगों के बीच भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने भेजा जा रहा है।



### कल डोंगरगढ़ प्रवास पर गृहमंत्री शाह

कल गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह डोंगरगढ़ के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे दोपहर 1.10 बजे चंद्रगिरी तीर्थ स्थित विद्यायतन समाधि स्मारक में आयोजित विनयांजलि समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद प्रतिभाशाली विद्यालय में भोजन कर दोपहर 2.50 को छोटी बम्लेश्वरी मंदिर में माता के दर्शन करने जाएंगे। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर के जरिए रायपुर होकर दिल्ली रवाना हो जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारी शुरु कर दी गई है।

### 20 हजार लोगों को जुटाने की कवायद

सीएम साय की तीन जनसभाओं के जरिये 20 हजार मतदाताओं तक सीधे पहुंचने की कोशिश होगी। इन तीनों ही जगह अलग-अलग टारगेट भीड़ जुटाने का कार्यकर्ताओं को दिया गया है। लोगों को आमंत्रित करने के लिए घर-घर जाकर आमंत्रण कार्ड देने के साथ फोन एवं सोशल मीडिया के सहारे भी लोगों को बुलाने की कवायद की जा रही है। तीनों ही जनसभाओं के लिए अलग-अलग नेताओं को प्रभारी भी बना दिया गया है।

### इन वार्डों में जनसभा

भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार कल छह फरवरी को सीएम विष्णुदेव साय राजनांदगांव शहर में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इनमें एक जनसभा वार्ड क्रमांक 13 गौरीनगर में आयोजित की गई है। इस जनसभा के जरिये वार्ड क्रमांक 11, 12, 13 को साधने की कवायद की जाएगी। वहीं दूसरी जनसभा लखोली स्थित गौठान में ली जाएगी। यहां जनसभा के जरिये वार्ड क्रमांक 31, 32, 33, 34, 35 को साधने की कोशिश होगी। तीसरी जनसभा तुलसीपुर स्थित जालीखाता मैदान में रखी गई है। यहां के जरिये वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18 के मतदाताओं को साधा जाएगा।




## खबर संक्षेप

### मुड़पार मड़ई आज

**मुरमुंदा।** अंचल की आखिरी मंडई कल मुड़पार में रखा गया है। ग्राम के लोकेश पटेल एवं धनुष कंवर ने बताया कि रात्रि में लोगों के मनोरजन के लिए मोर मयारू संगी टेडेसरा वालो का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने आसपास गांव के लोगों को आने की अपील किया है।

### गोड़ी भाषा पखवाड़ा 15 तक



**बोरतलाव।** ग्राम भालूकोन्हा में इन दिनों गोंडी भाषा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। विलुप्त होती गोंडी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 2 से 15 फरवरी तक गोंडी पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस आयोजन के लेकर गोंडी भाषा प्रेमियों और सामाजिक संगठनों में उल्लास का माहौल है। गोड़ी भाषा के प्रति लोगों में रूचि बढ़ाने के लिए ग्राम में आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के बुजुर्ग, युवा एवं विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए जिसमें गोड़ी भाषा प्रचारक अजय गोटे, तुकाराम बोगारे, सदाराम मंडावी, गोरेलाल सोरी, अरुण हरानमे , संतलाल उसेंडी, मुन्नालाल उसेंडी, महेश कोर्राम, श्याम कोर्राम आदि प्रमुख थे।

### कांग्रेस में बगावत

**छुरिया।** जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्र. 12 से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए कांग्रेस के 5 दावेदारों ने बॉयोडाटा चुनाव पर्यवेक्षक कमलजीत पिंटू को सौंपा था। कांग्रेस ने नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा को अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया है तो भाजपा से किरण वैष्णव मैदान में उतरी है। श्रीमती सिन्हा के नाम की घोषणा होने के बाद कांग्रेस नेताओं ने बगावती तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू और जिला इंका ग्रामीण के सचिव डां. प्रकाश शर्मा ने नामांकन दाखिल कर दिया है।

### जितेश ने जीता दो पदक

**मुरमुंदा।** 26 वी स्टेट पावर लिप्टिंग चैंपियन शिप प्रतियोगिता बालोद में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में ग्राम मुंदगांव के जितेश साहू ने भाग लेकर 66 किलो जूनियर वर्ग ओपन डेट लिप्त बेच प्रेस में 2 स्वर्ण पदक जीता। उनकी सफलता से खिलाड़ियों और ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।



## गांवों में अब दिखाई देने लगी चुनावी रंगत, बढ़ी सरगर्मी

# दो सरपंच की जीत तय, जपं सदस्य अभ्यर्थियों के नामांकन सही मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की चुनाव प्रक्रिया के तहत मंगलवार को जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों की जांच की गई। जनपद पंचायत के 20 निर्वाचन क्षेत्रों के सभी 87 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए। अब नाम वापसी के बाद अंतिम सूची का प्रकाशन और चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा।

स्थानीय जनपद परिसर में तहसीलदार और रिर्टनिंग अधिकारी पीएल नाग, सहायक रिर्टनिंग अधिकारी झरना राजपूत, रौशनी भगत की मौजूदगी में नाम निर्देशन पत्रों की जांच की गई। श्री नाग ने बताया कि जनपद पंचायत के 20 निर्वाचन क्षेत्र के लिए 87 अभ्यर्थियों ने नामाकंन दाखिल किया था जो सही पाए गए। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक एक बांकल में पार्वती सतनामी, सावित्री बंजारे, सरस्वती मारकंडे, गौरी भारती, लेवन लाऊत्रे, क्षेत्र दो तुमड़ीबोड़ में राधिका साहू, सरिता मदन साहू, लक्ष्मीबाई साहू, भारती वर्मा, क्षेत्र तीन कोहका ढाबा से सुशीला निषाद, जया साहू, क्षेत्र 4 घोरदा में राजेंद्र गुप्ता, भेलष साहू, टीकम साहू, उमेश साहू, बुधेश्वर साहू, क्षेत्र 5 मचानपार में पुनेश्वर जोशी, द्वारिका टंडन, नेतराम देशलहरे, मीनाक्षी देशलहरे, आत्माराम रात्रे, कुंभदास जोशी, क्षेत्र 6 मारगांव में सहदेव सिन्हा, भागवत सिन्हा, कुमान सिंह नेताम, गणेशराम सिन्हा, मंडल भाजपा अध्यक्ष जागेश्वर यादव, महेश्वर साहू, ढालूराम कोठारी, क्षेत्र 7 दीवानभेड़ी में चंद्रिका सोनकर, ममता पटेल, रानू सिन्हा, क्षेत्र 8 मनेरी में ईश्वरी साहू, नरबदबाई गंगासागर, हेमिनबाई नेताम, तुलेश्वरी गोंड, विवेक मांडवी, क्षेत्र 9 आरी से चित्ररेखा साहू, कुमारी साहू, मोनिका साहू, शोभना पटेल, क्षेत्र 0 माथलडबरी से आशा भूषण देवांगन, सरस्वती गायकवाड़, हेमिन पटेल, हरिलाबाई ने नामांकन भरा है। इसी प्रकार क्षेत्र 11 खुज्जी से हुमेन्द्र बघेल, अक्षय देवांगन, रवि साहू, वामनदास साहू, क्षेत्र 12 खुर्सीपार से दीबिका साहू, गेंदाबाई, क्षेत्र 13 रुदगांव से पद्मिनी साहू, देवकुंवर बाई गंजीर, दीपकबाई, पूर्णिमा साहू, क्षेत्र 14 अर्जुनी से मोहनीश साहू, पुराणिक साहू, देवलाल साहू, रेशमलाल साहू, निमेश कुमार, क्षेत्र 15 रामपुर से माधुरी ठाकुर, दीनू यादव, मनीष साहू, अनिल सिन्हा, किशोर कुमार, रूपेश साहू, क्षेत्र 16 मोखली से सुशीला साहू, रेशमा साहू, लीलाबाई, ज्योति साहू, क्षेत्र 17 करमतरा से महेंद्र साहू, डुमनलाल साहू, राजेंद्र साहू, याददास साहू, क्षेत्र 18 कोकपुर से ऐमन लाल, ताराचंद जैन, बीरेन्द्र साहू, रंजीता पड़ौती, राजेन्द्र साहू, क्षेत्र 19 तिलईरवार से कांति चन्द्रवंशी, शिवरात्रि चन्द्रवंशी तथा क्षेत्र 20 आसरा से लीला मंडावी, नर्मदा कंवर, सुकमा कुंजाम, अनिता पंचारी और कुमारबाई कंवर ने नामांकन भरा है।





### दो सरपंच निर्विरोध

जानकारी के अनुसार ग्राम ग्राम पंचायत मचानपार और ग्राम पंचायत भटगुना में सरपंच पद के लिए एक एक अभ्यर्थी का नाम निर्देशन फार्म जमा हुआ है। इन दोनों पंचायत में क्रमशः मूलचंद पदाम और उर्वशी ध्रुव का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भटगुना में सरपंच का पद अनुसुचित जनजाति के लिए आरक्षित हुआ था। इस वर्ग का अभ्यर्थी नहीं होने के बाद ग्राम की उर्वशी ध्रुव जो नागपुर कमाने खाने गई थी को बुलाकर नामाकंन फार्म भरवाया था। आगे मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कोनारी में पंच के सभी 10 पद निर्विरोध चुने जाएंगे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ओड़ारबांध में 12 में से 8, मारगांव में 18 में 11, ग्राम पंचायत जारवाही के आश्रित ग्राम टोलागांव में सभी 5, चिद्दो में सभी 12, तिलईरवार में 17 में 12, खम्हेरा में 12 में 9, टप्पा के 10 में 5, ढाबा के 13 में 11, सांगिनकछार के 12 में एक, कोहका के 11 में 9, तेंदूनाला के 15 में 9 पंच के निर्विरोध निर्वाचित होने की खबर है। जानकारी के अनुसार सरपंच के 76 पद के लिए 314 और पंच के 1929 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किया है।

# गृहमंत्री शाह छह को डोंगरगढ़ आएंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- आचार्यश्री के समाधि महोत्सव में करेंगे शिरकत
- चरण चिन्ह और स्मारक का होगा भूमिपूजन

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के चंद्रगिरि में आयोजित समाधि महोत्सव में शामिल होने आ सकते हैं। आगामी 6 फरवरी को आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के 108 चरणचिन्हो का लोकार्पण एवं प्रस्तावित समाधि स्मारक का भूमिपजन होना प्रस्तावित है। श्री शाह के प्रवास की संभावना को देखते हुए प्रशासनिक अमला ने तैयारी शुरू कर दिया है। संभावना है कि श्री शाह उक्त तिथि को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में भी शामिल हो सकते हैं। प्रवास के दौरान श्री शाह मां बम्लेष्वरी मंदिर भी जाएंगे। श्री शाह के प्रवास की अभी तक अधिकृत जानकारी नहीं आई है। चंद्रगिरि ट्रस्ट समिति से मिली जानकारी के अनुसार छह फरवरी को 108 सिद्धि चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का समापन भी होगा।

### भागवत कथा 14 से

**पटेवा।** दर्रा में आगामी 14 से 21 फरवरी तक श्री मद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन कमल कुमार सिंह बिदानी, चमेली बिदानी द्वारा किया गया है। कथा वाचक पं जितेन्द्र कुमार शास्त्री बनारस होंगे। कार्यक्रम के तहत 14 फरवरी को शोभा यात्रा, भागवत महात्यम कथा का वाचन होगा। अंतिम दिन 21 फरवरी को हवन, गीता पाठ, तुलसी वर्षा, भंडारा रखा गया है। कथा में परिक्षीत रोहित कुमार,कौशिलया बाईं होंगे।

# वार्षिकोत्सव में मेधावी बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों वार्षिक उत्सव एवं मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामजी भारती थे। अध्यक्षता पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने की। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सोनी, सुनील जैन, नीलम चोपड़ा, प्रकाश गिरधर, मीना गिरधर, सुशील जैन, प्रभाकर राव गिरधर, नारायण लाल अग्रवाल, सुरेश सोनी, राजेंद्र जैन, अविनाश ब्राम्हण, महेंद्र भाई पटेल, वैशाली देशकर, प्राचार्य प्रकाश यादव, दीपक सोनी, जागेश्वर निषाद थे। अतिथियों ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आरंभ किया।

उक्त कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें साई साहू, मयंक निषाद, अमन वर्मा, योगेश्वरी वर्मा, हर्षिता जंघेल, रेनू साहू, सोम दुबे, पलक अग्रवाल शामिल थे। इसके अलावा अखिल भारतीय स्तर पर योग, कराते में शामिल होने वाले ऋषभ वाल्दे, जयकिशन सिन्हा, ऐश्वर्याराज वर्मा, मेघराज वर्मा, निकेत झरिया, केवल साहू, शिवम शेवतें, निष्ठा बसेना[र प्रतिभा साहू को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्री खांडेकर ने कहा कि माता-पिता के सपनों को साकार करने के लिए लक्ष्य निश्चित कर आगे बढे। श्री भारती ने शिशु मंदिर की शिक्षा व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में भैया बहनों के प्रदर्शन को सराहा।



### रंगारंग प्रस्तुति

वार्षिकोत्सव में बच्चों गीत, संगीत, नृत्य, नाटिका, एकल अभिनय, मराठी, पंजाबी, गुजराती, गरबा नृत्य, योग प्रदर्शन, कत्थक, रीमिक्स डांस आदि प्रस्तुत किया। नृत्य नाटिका रामायण में 82 कलाकारों ने भगवान राम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की कथा को 12 मिनट में प्रस्तुत किया। अंत में आभार प्रदर्शन सुनील जैन एवं संचालन आचार्य थैलेथ साहू ने किया।

## मनाया बसंत पंचमी और निराला जन्मोत्सव



**गंडई पंडरिया।** देवी प्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई में 3 फरवरी को बसंत पंचमी एवं कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्राध्यापको एवं छात्र- छात्राओं ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने निराला जी के साहित्य में स्थान एवं योगदान पर विचार रखा। कार्यक्रम में ओमकुमारी साहू ने बसंत पंचमी के महत्व एवं छायावादी कवि निराला का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए साहित्यिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ डीपी कुरें की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर प्राध्यापक टीएन वर्मा, ओमप्रकाश कौशिक, असीत साहू, हेमंत मिश्रा. नारायणी सोनी, पद्मनी सिंहा, शुभम दुबे, गौरख जैन, दीपांशु यादव, नेदा सिद्धिकी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# शिशु मंदिर में बसंतोत्सव की धूम



**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में बसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ। पं बाबूलाल तिवारी ने मंत्रोच्चार किया। भैया बहनों ने नारियल, सरसों फूल, अलसी फूल,आम बौर, चना, बेर का भोग लगाया। विद्यारंभ संस्कार अन्तर्गत 4 भैया बहनों को प्रवेश दिलाया गया। भैया बहनों ने सरस्वती वंदना, जस गीत की प्रस्तुति दिया। इस अवसर पर एलएल साहू, प्राचार्य रोहित निर्मलकर, आचार्य संजीव वर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, धनेश्वरी वर्मा, खुशबू कुर्रे, अनिता पाल, दीप्ति साहू, सोनम साहू, यामिनी सूर्यवंशी, प्रीति वर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# रामायण सम्मेलन का आयोजन

**मुरमुंदा।** खलारी में आदर्श युवा जागृति उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में 3 फरवरी को रामायण सम्मेलन का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में जय मां बम्लेश्वरी मानस परिवार मुड़पार, जय गुरुदेव संकिर्तन मानस परिवार फिंगेश्वर, श्री राम कृपा मानस परिवार सालिक झिटिया, जय मां विंध्यवासिनी मानस परिवार गोकुलपुर, चंचल मानस परिवार टोनाटार, जय हिंद मानस परिवार सकरा ने प्रस्तुति दिया।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भूमिपूजन के बाद 3 करोड़ के काम अटके




**डोंगरगढ़।** नगर पालिका चुनाव की घोषणा होने के पहले सांसद संतोष पांडेय ने लगभग 3 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन किया था। भूमिपूजन के बाद काम शुरू होना तो दूर वर्क आर्डर भी जारी नहीं हो पाया है जिससे पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में राज्य सरकार ने विभिन्न कार्यों में गडबड़ी का खुलासा होने के बाद तत्कालीन सीएमओ, लेखापाल, इंजीनियर को निलंबित कर दिया है। वहीं इस मामले में जिन ठेकेदारों के नाम सामने आए थे उन पर कार्रवाई तो नहीं हुई बल्कि कई नए कार्यो में ठेका दे दिया गया है जिसमें से कई कार्य पूर्ण हो चुके है। शहर में चेकर टाईल्स लगाने का कार्य बिना इंजीनियर की देखरेख में स्टीमेट को नजरअंदाज कर किया जा रहा है। र बैठे ही अधिकारी कार्यों को सत्यापन मूल्यांकन कर भुगतान करने की तैयारी में हैं। सीएमओ ने बताया कि पालिका में कर्मचारियों की कमी के बीच ठेकेदारों ने कार्य पूर्ण कर दिया है। स्टीमेट के आधार पर जांच के बाद ही भुगतान किया जाएगा।

### गोविंदराम बने मासूल सर्किल छुरिया अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** जिला यादव महासभा राजनांदगांव के मार्गदर्शन में गत दिनों तहसील कोसरिया यादव समाज छुरिया का चुनावी बैठक सर्किल छुरिया के ग्राम मासूल में जिलाध्यक्ष कंसूराम यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में गोविंदराम यादव ग्राम मासूल सर्किल छुरिया को अगले पांच वर्षों के लिए निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है। विशेष अतिथि के रूप में केआर यादव, दुर्गाप्रसाद यादव, फगुवाराम यादव, अनिल यादव, पन्नालाल यादव, अलखराम यादव, रेखचंद यादव, राधेलाल यादव, शीलूराम यादव, महेश यादव, कमलेश यादव आदि शामिल थे। जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में रेखचंद यादव, हरीश यादव और दुर्गाप्रसाद यादव के कुशल मार्गदर्शन में अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी निर्विरोध रूप से चुन लिए गए। तहसील छुरिया 5 सर्किलों का सामाजिक संगठन है। जिसमें सर्किल चिरचारीकला, दुर्रेबंजारी, छुरिया, ब. चारभांठा और पाटेकोहरा शामिल है। आगामी दिनों नवनिर्वाचित तहसील पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम छुरिया में आयोजित होगा। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी दुर्गाप्रसाद यादव ने दी।

### एक दिवसीय त्रिशक्ति साधना शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** बसंत पंचमी पर्व पर खैरागढ़ के कुशल पैलेस में अंतर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार के तत्वाधान में एक दिवसीय त्रिशक्ति साधना शिविर का आयोजन 2 फवरी को आयोजित किया गया। शिविर प्रारंभ के पूर्व शनि मंदिर खैरागढ़ धरमपुरा में 24 घंटे की हवन आहुति की गई। जिसका जनकल्याण था। हवन की पूर्णहूति पूज्य गुरूदेव अरविंद श्रीमाली द्वारा किया गया। 2 फरवरी को शिविर प्रारंभ के पूर्व पूज्य गुरूदेव के स्वागत सत्कार के लिए अमलीपारा में गुरूदेव का स्वागत किया गया। पश्चात रैलीनुमा में जय गुरूदेव के जयकारे के साथ गुरूदेव के गाड़ी के पीछे कुशल पैलेस आयोजन स्थल पहुंचे। कार्यक्रम के प्रारंभ में गुरू वंदना हुई। तत्पश्चात स्थानीय व अन्यत्र स्थल से पधारे गुरू भाई-बहनें त्रिशक्ति साधना शिविर के आरंभ में पादुका पूजन के बाद हुई।

तत्पश्चात भजन भक्ति प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात गुरू दीक्षा का कार्यक्रम हुआ। नए साधक भाई-बहन को गुरूदेव ने गुरू दीक्षा दी। वहीं पुराने साधकों को शक्तिपाथ दीक्षा दी गई। गुरूदेवको से समस्त साधक को त्रिशक्ति साधना करवाई। दीक्षा पश्चात भजन आरती हुआ। सभी गुरू भाई-बहनों को गुरू प्रसादी वितरण किया गया। इसी के साथ शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुरू भाई-बहन उपस्थित हुए।

### कांग्रेस ने की जिला पंचायत सदस्य अधिकृत करने में साहू समाज की अनदेखी

# साहू समाज ने दी चेतावनी, नजर अदांज करने की कीमत चुकाने तैयार रहे कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिपं सदस्य चुनाव में कांग्रेस द्वारा साहू समाज के किसी को प्रत्याशी नही बनाए जाने से साहू समाज में जबर्दस्त नाराजगी देखी जा रही है। समाज के जिलाध्यक्ष टीलेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, रामानंद साहू, परमानंद साहू, यदुकुमार साहू, सुरेश साहू, घनश्याम साहू, मनहरण साहू, भगत साहू, मधुसूदन साहू सहित अन्य ने कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते उसने अपने निर्धय पर संशोधन नही किया तो त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे समाज कांग्रेस और उसके प्रत्याशियों का बहिष्कार करेगा।

जिलाध्यक्ष टीलेश्वर साहू ने कहा कि जिले मे लगभग 67 हजार सामाजिक बहुलता को देखते हुए उनके द्वारा जिपं सदस्य के दस में से दो दो सीट भाजपा और कांग्रेस से चुनाव पूर्व मांगा था। भाजपा ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए मुढ़ीपार क्रमांक सात से लिमेश्वरी साहू और जालबांधा क्रमांक 9 से जयंत्री साहू को जिपं सदस्य चुनाव के लिए अधिकृत कर दिया है, लेकिन कांग्रेस ने समाज की बहुलता को दरकिनार कर दस में सात सीट लोधी समाज को और बाकी तीन सीट अजा, अजजा और ओबीसी वर्ग को दिया है। कांग्रेस के इस निर्णय से साहू समाज को आक्रोशित बताते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि दोनों राष्ट्रीय पार्टियों में समाज के लोग शामिल है जो बरसों से बिना पद लालसा के पार्टी का काम करते आ रहे है, लेकिन उनकी दावेदारी को पूरी तरह नकारने से समाज में कांग्रेस और उसके बड़े नेताओं के खिलाफ नाराजगी फैल गई है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि अभी भी समय है कांग्रेस अपने फैसले पर पुर्नविचार करते हुए दो की जगह एक सीट भी देगी तो समाज संतुष्ट हो जाएगा अन्यथा की स्थिति में बैठक करके समर्थन या विरोध संबंधी कड़ा निर्णय लिया जाएगा।



#### पूर्व सीएम और विधायक तक रखी थी बात

जिला साहू संघ संरक्षक भुनेश्वर साहू ने कहा कि जिले में बहुतायत की संख्या होने के बावजूद कांग्रेस के इस तरह अनदेखी किए जाने से गलत संदेश जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल, विधायक यशोदा वर्मा से मुलाकात कर उन्होंने अन्य समाज की तरह सम्मानजनक प्रतिनिधित्व देने की मांग रखी, लेकिन किन कारणों से समाज को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया इस पर गंभीरता से विचार विमर्श हो रहा है। जिपं प्रत्याशी नही बनाए जाने से चार सीटों में कांग्रेस को सीधे नुकसान की उन्होंने चेतावनी दी है। रामांनद साहू ने कहा कि कांग्रेस निर्णय पर पुर्नविचार कर समाज को जिपं मे प्रतिनिधित्व का अवसर दे अन्यथा की स्थिति में परिणाम भुगतने तैयार रहे। वही जिपं सदस्य के लिए पांडादाह क्षेत्र से कांग्रेस के सशक्त दोवेदार रहे विप्लव साहू ने कहा कि दो साल पहले वो कांग्रेस में निशर्त शामिल हुए थे, लेकिन उनकी कर्मठता और सक्रियता को किस आधार पर नजरअंदाज किया गया समझ से परे है। चुनाव मैदान मे उतरने को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्रवासियों की मंशानुरूप वो चुनावी रण मे ताल ठोकेंगे। टिकट वितरण मे सिर्फ एक चिंहित समाज को सात सीट देने का निर्णय किसने किस आधार पर लिया है उसकी पड़ताल जारी है।

#### भाजपा के बाद कांग्रेस पर लगाया उपेक्षा का आरोप

बीते दिनों वृहताकार सहकारी समितियों में प्राधिकृत नियुक्ति को लेकर जिलाध्यक्ष टीलेश्वर साहू ने भाजपा को आड़े हाथों लिया था उसके बाद समाज के जिला महामंत्री नूनकरण साहू ने भी भाजपा मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति में भेदभाव और अनदेखी का आरोप भाजपा पर लगाया था, लेकिन अब बदली हुई परिस्थितियों में पूरे समाज ने कांग्रेस को निशाने पर ले लिया है। उनकी नाराजगी इस बात को लेकर सबसे ज्यादा है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों से उन्होंने बहुलता के आधार पर दो दो सीट मांगा था जिसमें भाजपा ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया लेकिन कांग्रेस ने जिले मे उनकी उपस्थिति और मतदाताओं की संख्या को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। उन्होंने संयुक्त रूप से स्पष्ट चेतावनी दी है कि फैसले में समय रहते पुर्नविचार नही हुआ तो समाज पूरी तरह से कांग्रेस से बायकॉट कर लेगा।

### भारतीय टीम में वेदांश शामिल



**डोंगरगढ़।** जिला खेल संघ अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी के नेतृत्व में जिजुत्स एशियन चैम्पियनशिप स्पर्धा के लिए चयनित वेदांश मोहने ने गत दिनों पूर्व विधायक रामजी भारती से मुलाकात किया। यह स्पर्धा बैंकाक में 13 से 16 फरवरी तक होने वाली है। इस स्पर्धा के लिए भारती टीम में नगर के वेदांश मोहने पिता राजेश मोहने को शामिल किया गया है। अपने निवास में पूर्व विधायक रामजी भारती ने मुलाकात कर वेदांश मोहने एवं वसुधंरा राणा को पुष्पगुच्छ प्रदान कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनका चयन होने की खबर खेल जगत को उत्साहित करने वाली है और आने वाले समय में खेल के नए आयाम डोंगरगढ़ में खुलेंगे। चयनित खिलाड़ियो को जिला खेल संघ के अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी, माँ बम्लेश्वरी देवी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महेंद्र भाई पटेल, भाजपा नेता अमित जैन, रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, सरफराज सरफ़्फ़ु, श्याम तिवारी, बलविंदर विक्की ने बधाई दी है।

### मां परमेश्वरी की निकाली शोभायात्रा

**मेंढ़ा।** ग्राम मेंढ़ा में बसंत पंचमी के अवसर पर देवांगन समाज के लोगों ने ईस्ट देवी मां परमेश्वरी जयंती का आयोजन किया। समाज के लोगों ने सामाजिक भवन में उपस्थित होकर शोभायात्रा निकाला। इस मौके पर मां परमेश्वरी का चित्र को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। भजन मंडली की प्रस्तुती के साथ गली भ्रमण किया गया। तत्पश्चात देवांगन भवन में भजन, कीर्तन के साथ आरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया। जयंती समारोह में सामाज प्रमुख चन्द्र कुमार देवांगन, रोहित देवांगन, फट्टेलाल देवांगन, राजकुमार देवांगन, रामकृष्ण देवांगन आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।




# आयुक्त ने किया डामरीकरण कार्य का निरीक्षण, दिए निर्देश



**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न सड़कों में डामरीकरण कराया जा रहा है। जिसका नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण कर मापदंड के अनुरूप डामरीकरण कराने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

वर्तमान में सृष्टि कालोनी, गौरव पथ, राजीव नगर, शिवनगर के पास, सिविल लाईन एसपी आफिस के पास, जीवन विहार कालोनी, मोतीपुर क्षेत्र में डामरीकरण कार्य चल रहा है। आयुक्त विश्वकर्मा शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य में सृष्टि कालोनी के डामरीकरण कार्य का निरीक्षण कर शासन मापदंड के अनुरूप डामरीकरण कराने के निर्देश तकनीकि अधिकारियों को दिए। उन्होंने सृष्टि कालोनी का डामरीकरण कार्य देख कहा कि इसी प्रकार डामरीकरण में सही तरीके से रोलिंग करें। उन्होंने कहा कि डामरीकरण के पूर्व संबंधित क्षेत्र से गाड़यि हटवा लें, क्षेत्रवासियों से डामरीकरण में सहयोग करने अपील करें, जिस क्षेत्र में डामरीकरण किया जाना है उस क्षेत्र के पाईप लाइन नल कनेक्शन आदि की जांच कर दुरूस्त कर लें, ताकि डामरीकरण पश्चात रोड खोदने की स्थिति निर्मित न हो। आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि प्राथमिकता तय कर डामरीकरण कार्य करें तथा शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार डामरीकरण हो, सभी उप अभियंता डामरीकरण के दौरान अपने-अपने प्रभारित वार्ड में उपस्थित रहे। इसके अलावा डामर प्लांट में मेट एवं उप अभियंता डामर की मात्रा, गिट्टी मिक्सिग की जांच करे, तत्पश्चात डामरीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि डामरीकरण के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए एक-एक तरफ डामरीकरण कराएं।



### दो कारें आपस में टकराई

**ठेलकाडीह।** तिलई-डंगनिया के पास मंगलवार को दो वाहनों के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में किसी की जान तो नहीं गई लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों कार तेज गति से विपरित दिशा में आ रही थी। राजनांदगांव की तरफ से खैरागढ़ की ओर जा रही कार सीजी 08 एम 2168 का चालक नशे में धुत था। खैरागढ़ की तरफ से आ रही कार सीजी 04 एनटी 9268 लांझी क्षेत्र की है जो राजनांदगांव की ओर जा रही थी। इस हादसे में दोनों चालक बच गए। जानकारी के अनुसार वाहनों की टक्कर होने के बाद एयरबैग खुल गया था जिससे चालकों को मामूली चोटे आई।

# साल्हेवारा से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी के नामांकन पर आपत्ति

- कांग्रेसियों ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी से नामांकन निरस्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिपं सदस्य के जाति प्रमाण पत्र की वैधता को लेकर कांग्रसियों ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी से नामांकन निरस्त करने की मांग की। स्कूटनी के दौरान जिपं क्षेत्र क्रमांक एक से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी हेमलता मंडावी द्वारा नामांकन फार्म के साथ अनुसचित जनजाति होने के प्रमाणपत्र की वैधता पर कांग्रेस प्रत्याशी केकती राजेंद्र मरावी ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि हेमलता मंडावी द्वारा जमा किया गया जाति प्रमाणपत्र अन्य प्रांत महाराष्ट्र का होने के कारण निरस्त किया जाना उचित होगा।



#### दूसरे प्रदेश का प्रमाण पत्र

उन्होंने कहा कि छग राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लड़ने के लिए आयोग द्वारा इसी राज्य का निवासी और जाति प्रमाणपत्र प्रदेश शासन द्वारा जारी किया जाना तय किया गया है, लेकिन भाजपा प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत जाति प्रमाणपत्र दीगर प्रदेश का है इसलिए नामांकन आवेदन को ही निरस्त किया जाना सही निर्णय होगा। इस दौरान अभ्यर्थी केकती मरावी के साथ विधायक यशोदा वर्मा, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नीलांबर वर्मा, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, आरती महोबिया, रिंकू महोबिया, सहित अन्य मौजूद थे। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि आपत्ति संबंधी आवेदन को लेने के इंकार करना और उसके बाद पावती नही देना यह साबित कर रहा कि अधिकारी आयोग के दिशा निर्देशों का दरकिनार कर भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर कांग्रेस न्याय की आस मे हाईकोर्ट के दर पर दस्तक देगी।

### एनबीआईएस बोरी में बसंत पंचमी में विद्यारंभ संस्कार

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में बसंत पंचमी धूमधाम से मनाया गया। संस्था द्वारा बसंत पंचमी अवसर पर नवीन एडमिशन में विशेष छूट दी गई थी। जिससे पालकों को उचित लाभ मिल सके । संस्था के संस्थापक नीरज बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती का विधिपूर्वक पूजन कर बसंत पंचमी के महत्व को बच्चों को समझाया गया। संस्था द्वारा बसंत पंचमी के दिन नवप्रवेशित बच्चों का मंत्रोपचार वैदिक रीति से विधिवत पूजन कर विद्यारंभ संस्कार कराया गया, ताकि मां सरस्वती की कृपा दृष्टि नौनिहालों पर सदा बनी रहे। इस अवसर पर पालकों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। शाला में विशेष सभा का आयोजन किया गया, जहां बच्चों द्वारा मां सरस्वती की आराधना करते सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। आयोजन में बसंत पंचमी की महत्ता को बच्चों को बताया गया। साथ ही मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर सभी बच्चों ने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचर्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षकगण, ऑफिस कर्मचारियों सहित बच्चे उपस्थित रहे।



### भाजपा की सूची जारी नहीं

**डोंगरगढ़।** जनपद पंचायत के 25 प्रत्याशियों की सूची कांग्रेस ने जारी कर दिया है। वहीं प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा अब तक प्रत्याशियों का चयन नहीं कर पाई है। प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा से लगातार संपर्क करने के बाद भी लाल बहादुर नगर मंडल भाजपा के अध्यक्ष बोधीराम साहू प्रत्याशियों के नाम बताने में असमर्थ हैं।




### मां परमेश्वरी की निकाली शोभायात्रा

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में देवांगन समाज ने बसंत पंचमी, सरस्वती जयंती एवं कुल देवी मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर देवांगन समाज की महिलाएं एक रंग की साड़ी में नजर आई। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश लेकर और पुरुष आकर्षक पोशाक में शामिल हुए। बच्चे धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे। भजन मंडली के सदस्यों ने भजनों की प्रस्तुति दिया। सामाजिकजनों ने शीतला मंदिर प्रांगण में मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना और आरती किया। लोगों ने राम चरित मानस का पाठ किया। अंत में भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर नैनचंद देवांगन, मानिक देवांगन, सुरेश देवांगन, चन्द्रकांत देवांगन, भूपेन्द्र देवांगन, महादेव देवांगन, हेमलाल देवांगन, प्रकाश देवांगन, धनेश्वर देवांगन, हृदय साहू, रोहित निर्मलकर, ललित यदु, तेजराम साहू आदि उपस्थित थे।



### कलश यात्रा में सामाजिक लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

# एकजुटता के साथ मनाई परमेश्वरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई राज देवांगन समाज ने 4 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर परमेश्वरी जयंती श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें समाज की महिलाओं और युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा टिकरीपारा सामाजिक भवन से शुरू होकर मां गंगई मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना के बाद वापस सामाजिक भवन में संपन्न हुई।

शोभायात्रा में समाज के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। डीजे की धुन और पारंपरिक गीतों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इसके पूर्व 3 फरवरी की रात को समाज के जस सेवकों ने मां परमेश्वरी के भजनों और कीर्तनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। 4 फरवरी को सुबह समाज के सभी लोग नए वस्त्रों में सज-धज कर मां परमेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचे। देवी दर्शन के बाद शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। शाम को समाज के लोगों के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में सामाजिक भोज का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में समाज के जय देवांगन, भुनेश्वर देवांगन, गिरधारी, मंत्रराम देवांगन, संजू देवांगन, विवेक देवांगन, पुष्पेंद्र देवांगन, शैलेंद्र देवांगन, चेतन देवांगन, ऋषि देवांगन, अंकित राजकुमार, जगेशर देवांगन, मेघनाथ, कामता प्रसाद, दुष्यंत, शिव देवांगन, कैलाश देवांगन, जनक देवांगन, विक्की देवांगन, थनवार देवांगन, राजू देवांगन, कृष्णा देवांगन, उदय देवांगन, अवध देवांगन, जीवन देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।



### बच्चों ने मांगा मां से आशीर्वाद



**राजनांदगांव।** बसंत पंचमी पर्व पर प्री-प्राइमरी के बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर विद्या बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। शाला की शिक्षिकाएं मिस्बा सानिया एवं माहेश्वरी देवी बाघमारे के मार्गदर्शन में बच्चों ने पीले वस्त्र धारण कर मां की आरती उतारी। इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी के प्राचार्य डॉ. एसके मिश्रा ने बताया कि मां सरस्वती की आराधना के लिए बच्चों ने पीले वस्त्र पहनकर भक्ति-भाव के साथ मां की मूर्ति पर तिलक किए। फूल अर्पित कर खुद के सुखद भविष्य के साथ उत्तम शिक्षा की कामना की। इस अवसर पर प्रसाद के अलावा प्राचार्य ने बच्चों को पेंसिल प्रदान कर आगामी परीक्षा में लेखन कार्य हेतु उपयोग करने कहा। इस अवसर पर प्राचार्य सहित अकाउंटेंट जावेद अहमद, वाहन चालक अजय पांडे, दुर्गेश्वरी, सोमनाथ, परमेश ने भी मां का आशीर्वाद लिया।

## सार समाचार

### स्ट्रांग रूम और मतदान केन्द्र की देखी व्यवस्था

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय



निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य हेतु नियुक्त प्रेक्षक आईएएस जयश्री जैन ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जैन ने स्ट्रांग रूम के ईव्हीएम मशीन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जैन ने ग्राम पंचायत सुंदरा में मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में ड्यूटी पर तैनात मतदानकर्मियों तथा मतदाताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, छांव सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### गात्रयी विद्यापीठ में शिक्षकों से किया संवाद

**राजनांदगांव।** शहर के सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड नं. 30 स्थित



गायत्री विद्यापीठ स्कूल में पूर्व सांसद एवं भाजपा से महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने सभा को संबोधित कर वार्ड के बीजेपी पार्षद प्रत्याशी शेखर लश्करे का प्रचार-प्रसार किया। सभा में गायत्री विद्यापीठ के कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, सचिव गगन लड्ढा, अकादमिक प्रमुख अमित उत्तलवार, सांस्कृतिक प्रमुख हरीश गांधी, गायत्री विद्यापीठ की प्राचार्यद्वय शैलजा नायर (सीबीएसई) एवं पिंकी खंडेलवाल (सीजी बोर्ड), गायत्री गुरूकुल की प्राचार्य दीपाली रायचा, समाजसेवी राजेन्द्र जैन एवं भाजपा नेता विट्ठल पटेल एवं गोलू गुप्ता सहित शिक्षकगण एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में मुख्य रूप से संस्कारधानी के विकास को लेकर अपना विजन साझा किया। उन्होंने शहर के विकास को लेकर अपनी पूर्व कार्यकाल की उपलब्धियों गिनाते विगत कांग्रेस शासनकाल में राजनांदगांव नगर निगम की दुर्दशा एवं वार्डों में व्याप्त समस्याओं के संबंध में भी सभा से चर्चा की। भाजपा नेता मधुसूदन ने अपने पूर्व अनुभव के आधार पर इस समस्याओं के समुचित समाधान हेतु जनता से स्वयं को महापौर पद पर चुनने आशीर्वाद मांगा और वार्ड नं. 30 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी शेखर लश्करे को विजयी बनाकर भाजपा को सशक्त करने समर्थन मांगा। इस दौरान पूर्व सांसद ने शिक्षकों से संवाद करते उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। संस्था के पदाधिकारी सूर्यकांत चितलांग्या ने भी सभा को संबोधित किया। आयोजन में मंच संचालन सचिव गगन लड्ढा और अंत में आभार प्रदर्शन हरीश गांधी ने किया।

### चुनावी तैयारियों का किया निरीक्षण

**मोहला।** नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के सफल आयोजन के मद्देनजर जनरल ऑब्जर्वर, आईएफएस 2013 बैच के



अधिकारी प्रणव मिश्रा ने विभिन्न चुनावी तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अंबागढ़ चौकी में आयोजित ईवीएम डेमोंसट्रेशन वर्कशॉप का अवलोकन किया और मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों का अवलोकन करते संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन जिला पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के अगले चरण में उन्होंने मोहला विकासखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया। जिसमें मोहला, मड़िंगपीडिंग भुर्सा के मतदान केंद्र शामिल है। उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा और आगामी मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनरल ऑब्जर्वर मिश्रा ने कहा कि चुनावी तैयारियों की नियमित समीक्षा से निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिह पाटले सहित सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


## देर शाम तक मधुसूदन यादव का वार्डों में व्यापक जनसंपर्क

# नजूल भूमि पर काबिज लोगों को पट्टा देकर बनाएंगे भूमि स्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के महापौर पद के उम्मीदवार मधुसूदन यादव कल देर रात शहर के बलरामदास वार्ड, बलदेव प्रसाद मिश्र वार्ड, ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड, तुलसीपुर वार्ड एवं वर्धमान नगर क्षेत्र का व्यापक जनसंपर्क करते अनेक स्थानों पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते कहा कि आपका दिया हुआ हर एक वोट शहर के उज्जवल भविष्य की असली ताकत बनेगी।

शहर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में केन्द्र व राज्य की सरकारें निरंतर प्रयास कर रही है। हमने पूर्व में शहर के विकास के लिए जो भी कार्य किया है, वह सब आपके सामने है। आने वाले समय में विकास, स्वच्छता व पारदर्शिता कायम की जाएगी। पिछले वर्षों में नगरीय निकाय में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार व कुशासन का नया अध्याय लिख दिया था। केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में हमेशा बाधा उत्पन्न की गई। शहर के सर्वागीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। कांग्रेस द्वारा शहर में फैलाए गए कुशासन को समाप्त करने का समय आ गया है। इस कुशासन को आपके आशीर्वाद से मुक्त किया जाएगा, यह विश्वास मैं आपको हृदय से दिलाता हूं। श्री यादव ने कहा कि सड़क पर व्यापार करने वाले ठेला चालकों व स्ट्रीट वेंडरों के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के माध्यम से तीस हजार रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।



### शहर को विकसित करने कार्ययोजना बनाई जाएगी

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री यादव ने पार्टी के प्रदेश स्तर पर जारी चुनाव घोषणा पत्र जिसे अटल विश्वास पत्र के नाम पर जारी किया गया है की चर्चा करते कहा कि नजूल भूमि मालिकाना हक के लिए नया कानून बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया जाएगा, ताकि नजूल भूमि में काबिज लोगों तथा सभी पट्टाधारकों को उनकी प्रापर्टी घोषित कर भू-स्वामी बन सकें। शहर को एक योजनाबद्ध तरीके से विकसित करने कार्ययोजना बनाई जाएगी। शहर की सभी स्ट्रीट लाईटें सौर ऊर्जा के माध्यम से संचालित करने की बड़ी परियोजना पर काम किया जाएगा। आवागमन व्यवस्था को बेहतर करने स्थानीय सड़कों, फुटपाथों का निर्माण करेंगे। इसी तरह ऑटो रिक्शा व ई-रिक्शा चालकों के लिए ऑटो स्टैंड में चार्जिंग पाइंट की स्थापना की जाएगी, ताकि परिवहन की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके। महाविद्यालयों व हाईस्कूलों में फ्री वाई-फाई की सुविधा स्थापित करेंगे। वही शहर में चिन्हित 50 स्थानों पर वाई-फाई स्पॉट विकसित किया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को मुक्त इंटरनेट सुविधा का लाभ मिल सके।

### भाजपा प्रत्याशी आज शहर के आधा दर्जन वार्डों में

भाजपा महापौर पद के उम्मीदवार मधुसूदन यादव प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क करते आम नागरिकों से कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं। कल 5 फरवरी को आधा दर्जन वार्डों में पहुंचकर अपने जनसंपर्क अभियान को गति प्रदान करेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री यादव दोपहर 2 बजे अपने जनसंपर्क अभियान का प्रारंभ वार्ड नं. 30 सरदार वल्लभभाई पटेल से करेंगे। तत्पश्चात वार्ड नं. 29 कैलाश नगर, वार्ड नं. 28 विवेकानंद वार्ड, वार्ड नं. 27 तिलक वार्ड गंज लाईन-भरकापारा में जनसम्पर्क करते वार्ड नं. 26 सुभाष वार्ड कामठी लाईन-रामाधीन मार्ग पहुंचेंगे, फिर वे रात्रि में वार्ड नं. 25 सूर्यमुखी वार्ड गुड़ाखू लाइन में घर-घर पहुंचकर लोगों का समर्थन हासिल करेंगे। इस दौरान उक्त वार्डों के पार्षद पद के प्रत्याशी एवं अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## नशामुक्ति के लिए रैली का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 3 फरवरी को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में नशा के विरूद्ध जनजागरूकता जगाने के उद्देश्य से रासेयो व रेड क्रास ईकाई के तत्वाधान में ''नशामुक्ति हेतु रैली'' का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. उमरे ने कहा कि नशा हम नहीं खाते नशा हमें खा जाता है। शौकिये तौर से प्रारंभ होता है बाद में आदत में बदल जाती है। इससे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व आर्थिक नुकसान होता है। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि व्यक्ति में विचार शक्ति समाप्त हो जाती है, कैंसर जैसे महारोग के शिकार हो जाता है। रेडक्रॉस प्रभारी शिवनेन्द्र नागपुरे ने कहा कि तंबाकू को हाथ में रखकर व्यक्ति रगड़ता है, यानी अपने जीवन रेखा से खुद ही मिटाता है। नशामुक्ति के जनजागरूकता के लिए रैली निकाली गई। हाथ में पोस्टर-बैनर के साथ जागरूकता के नारे लगाए। बीड़ी पीकर खांस रहा है।

## साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ साहित्य समिति और कस्तूरबा महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी को मां सरस्वती पूजन सहित बगरो-बसंत पर साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडवानी गायिका तरुणा साहू द्वारा मां वीणावादन के चरणों में पंडवानी के सुरों से लोकरंगी कला पुष्प अर्पित किया गया। रेल्वे सुरक्षा बल अधिकारी श्रीमती साहू की पंडवानी सुनने बड़ी संख्या में कस्तूरबा की समाजसेवी महिलाए एवं कवि व साहित्यकारों की उपस्थिति रही।



बसंत पंचमी पर आयोजित कस्तूरबा व साहित्य समिति इस आयोजन में मुख्य अतिथि समाजसेवी रत्ना ओस्तवाल ने साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी और महादेवी वर्मा के वृतांत को सुनाकर आयोजन को जीवंतता प्रदान की। वहीं कृषि विस्तार अधिकारी व कवयित्री सुषमा शुक्ला ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की यशोधरा कविता सुनाकर नारी पीड़ा को व्यंजित किया। इस दौरान साहित्यकार आत्माराम कोशा ने छत्तीसगढ़ की दया-मया-पीरा का सुमधुर बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते प्रा. डॉ. कृष्ण कुमार ने ऋतु राज बसंत के आगमन के संदर्भ में कामदेव के अनंग होने की कथा सविस्तार बताई और सबको बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में कवयित्री अनिता जैन, कवि लखनलाल साहू, कवि आनंदराम सार्वा, पवन यादव, कवयित्री माया अग्रवाल, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान प्रभा बरडिया, जनकबाई गुप्ता, शकुन गुप्ता, दुर्गा खंडेलवाल, मोना लोहिया, भगवती खंडेलवाल, प्रवीण गुप्ता, सीताराम वैष्णव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## स्कूल में मना दादा-दादी व नाना-नानी दिवस

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग, ब्रांच जयस्तंभ चौक, नीरज फाउंडेशन स्कूल न्यू खंडेलवाल कॉलोनी में दादा-दादी व नाना-नानी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा विशेष पूजा-अर्चना के साथ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात दादा-दादी, नाना-नानियों के स्वागत उपरांत सुमधुर गीतों की प्रस्तुति में भिन्न-भिन्न प्रकारों की खेल प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। जिसमें वरिष्ठजनों ने भाग लिया और इन आयोजनों को सराहा।

इस अवसर पर संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने वरिष्ठजनों का आभार जताया एवं दादा-दादी, नाना-नानियों द्वारा बच्चों को संस्कार देने में महति भूमिका निभाने साधुवाद दिया। साथ ही बाजपेयी ने कहा कि बच्चों को अपने धर्म-संस्कार का पालन करना सिखाने की जवाबदारी माता-पिता के अलावा दादा-दादी, नाना-नानियों की भी होती है। बच्चों के पहले गुरू माता-पिता के अलावा दादा-दादी, नाना-नानी भी होते हैं। इस कारण वरिष्ठजनों से बाजपेयी ने आग्रह किया कि बच्चों को अपने धर्म को निष्ठा से पालन करने के साथ ही अन्य धर्मों का आदर करने की सीख देने की कामना की।

## वोटिंग मशीन का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकायों के आम चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से संपन्न होंगे। इस संबंध में आम मतदाताओं के जागरूकता एवं वोटिंग मशीन के संबंध में जानकारी देने ईवीएम प्रदर्शन जागरूकता प्रदर्शन सभी वार्डों में किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में ईवीएम जानकारी एवं जागरूकता के लिए नगरीय निकाय के अंतर्गत वार्ड में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी लगाई गई है, जो ईवीएम संचालन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी आम नागरिकों को



डेमोंस्ट्रेट करके बता रहे हैं। साथ ही उनकी शंकाओं व जिज्ञासाओं का निराकरण कर रहे हैं। वोटिंग मशीन प्रदर्शन एवं जागरूकता अभियान नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों में किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम क्षेत्र राजनांदगांव के वार्ड नंबर 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 14, 15, 36, 28, 40, 42, 43 सहित अन्य वार्डों में प्रदर्शन किया गया, शेष वार्डों में प्रदर्शन जारी है।

### ईवीएम से इस तरह होगा मतदान

मतदाता को पहले महापौर या अध्यक्ष पद के लिए सफेद लेवल में अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा। पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी, फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेवल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करेंगे। पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आएगी, इस तरह मतदान संपन्न होगा। ईवीएम मशीन जागरूकता प्रदर्शन कार्यक्रम में सतविंदर सिंह भाटिया, ईश्वर डोनाडे, प्रशांत शांडिल्य, आलोक खोब्रागढ़े, संजय सिंह, नवल किशोर रावटे, याकूब कुजूर, बीएल ठाकुर, सुशील सावरकर, एलआर बंजारी, विजय सोनी के साथ ही मास्टर ट्रेनर एवं अन्य कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## सुनील का डोर-टू-डोर जनसंपर्क

**राजनांदगांव।** पुराना-नया ढाबा में पार्षद पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सुनील रामटेके का लगातार जनसंपर्क जारी है। मंगलवार को चुनाव कार्यालय का उद्घाटन वार्ड में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थकों की उपस्थिति रही।



शहर के वार्ड क्रमांक 4 पुराना-नया ढाबा पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी वार्ड से पार्षद पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सुनील रामटेके लगातार वार्ड में बाजे-गाजे के साथ जनसंपर्क कर रहे हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक भी इस अभियान में शामिल हो रहे हैं। डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर वे मतदाताओं से आशीर्वाद मांगने के लिए जुटे हुए हैं।

### कार्यालय उदघाटित

सुबह से देर शाम तक लगातार मतदाताओं से संपर्क करने के दौरान उनके समर्थक नारेबाजी और हाथों में झंडा-बैनर भी लिए हुए हैं। मंगलवार को सुनील रामटेके ने अपने चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक और अन्य लोगों की उस्थिति रही। श्री रामटेके पूर्व में भी उक्त क्षेत्र से पार्षद रह चुके हैं।

## विश्व कैंसर दिवस पर फाउंडेशन और मंच की अनोखी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विश्व कैंसर दिवस पर एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच के सहयोग से मोबाइल मेडिकल यूनिट राजनांदगांव की टीम ने ग्राम पंचायत कोठीटोला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।



कार्यक्रम के तहत एसबीआई संजीवनी टीम ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के कारण, बचाव और उपचार की विस्तृत जानकारी दी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ते कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और आयुष्मान भारत योजना के लक्ष्य को साकार करना था।

कार्यक्रम में मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम के जिला समन्वयक योगेश चौहान, डॉ. ईश्वर यादव, स्टाफ नर्स दीपिका जोशी, फार्मासिस्ट मनोज कश्यप, लैब टेक्नीशियन आशीष साहू, पायलट लिखिल सहारे समेत विद्यालय के प्राचार्य अजय सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। यह पहल न केवल विद्यार्थियों, बल्कि समूचे समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# प्लास्टिक झोले में छुपा कर रखी थी महाराष्ट्र की शराब

■ चौकी पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से महाराष्ट्र की शराब तस्करी कर रहे आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार एसपी यशपाल सिंह के निर्देशन एवं एएसपी पीताम्बर पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी निरीक्षक अश्वनी राठौड़ के नेतृत्व में आगामी ग्राम पंचायत चुनाव के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रखते अवैध शराब कोचियों, तस्करों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार एक मोटर साइकिल में दो



व्यक्ति 2 प्लास्टिक के झोले, बोरी में संदिग्ध सामान लिए जा रहे थे, जिसे पुलिस ने रोककर पूछताछ कर तलाशी लिया। जिससे दोनों के पास से बहुत मात्रा में शराब पाया गया। आरोपी लोकदीप बोरकर 35 वर्ष के कब्जे से यामहा बाइक एवं एक सफेद रंग के प्लास्टिक झोला में 30 पौवा महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संतरी प्लेन शराब, आरोपी नितिश दुबे 25 साल के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 66 पौवा महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संतरी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें
15 से 17 फरवरी 2025, 20 से 22 फरवरी 2025
-: सुविधाएं :-
प्रथम यात्रा- स्पेशल स्लीपर बस, प्रयागराज (टेंट),नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड, सहयोग राशि 8100/- प्रति व्यक्ति
द्वितीय यात्रा- पुश बैक बस 2/2, प्रयागराज (टेंट),नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड, सहयोग राशि 6100/- प्रति व्यक्ति
तृतीय यात्रा- 6 व्यक्ति (इनोवा क्रिस्टा), होटल, नाश्ता, रात्रि भोजन, सहयोग राशि 12001/- प्रति व्यक्ति
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

अवश्यकता है
अनुदेशक (इलेक्ट्रिशियन, कोपा)
योग्यता - बी.ई./डिप्लोमा/आई.टी.आई.
इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिवस के अन्दर आवेदन करें। वेतन योग्यतानुसार।
कमलादेवी प्रा. आई.टी.आई
पता- अंबागढ़ चौकी रोड, मोहड़, डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 9098826123, 9893176801 ईमेल- kamladeviiti55@gmail.com

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक / युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
Resume Whatsapp करें
8319268069, 9425565082
7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में घुसकर चोरी

**राजनांदगांव।** एक फैक्ट्री में रात को अज्ञात चोरों ने प्रवेश कर वहां रखे सामानों को पार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोरातराई स्थित बरार इंडिया प्राईवेट लिमिटेड में बीती रात चार अज्ञात चोर मुंह को बांधकर फैक्ट्री के भीतर घुसे और यहां पर रखे कापर विभिन्न सामान एवं वायर को चोरी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी अंकित बल्लेवार ने दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### गर्मी की दस्तक

**राजनांदगांव।** फरवरी माह के पहले सप्ताह से ही गर्मी ने अपना एहसास कराना शुरू कर दिया है। दोपहर के समय धूप चूभने लगी है। जिससे लोगों को छांव की तलाश करते देखा जा रहा है। इधर रात के समय भी तापमान में वृद्धि हुई है। लिहाजा लोगों को पंखा इत्यादि का उपयोग करना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि आगामी दिनों में गर्मी का व्यापक असर रहेगा। ज्ञात हो कि मकर संक्रांति पर्व के बाद से मौसम में तेजी से परिवर्तन होना शुरू हुआ है।

### माय एंगल




# जिला पंचायत चुनावः आसरा-बोरतलाब में आमने-सामने की लड़ाई गैंदाटोला में सर्वाधिक 11 प्रत्याशी, सिंघोला सीट से एक फार्म निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन के बाद स्क्रूटनी की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। 68 अभ्यर्थियों में सिर्फ एक एकता चंद्राकर का ही नामांकन रद्द किया गया है। इसके बाद 67 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में शेष रह गए हैं। आज की स्थिति में आसरा और बोरतलाब जिला पंचायत क्षेत्र में दो-दो प्रत्याशी शेष रह गए हैं। वहीं सर्वाधिक 11 प्रत्याशी जिपं क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला में है। वहीं अब छह फरवरी तक नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी। उसके बाद ही चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 27 जनवरी से शुरू हुए त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया 3 फरवरी को समाप्त हो चुकी है। जिसके बाद चार फरवरी को स्क्रूटनी की प्रक्रिया की गई। आज और कल दो दिन नाम वापसी के लिए समय दिया गया है। स्क्रूटनी के दौरान जिला पंचायत के 68 में से एक, जनपद पंचायत के 122 नामांकन में से -का फार्म रिजेक्ट कर दिया गया है। इधर चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने अपना प्रचार भी शुरू कर दिया है। गांव-गांव के दौरा कर लोगों से अपने समर्थन में वोट मांगा जा रहा है। इस चुनाव में कई नए तरीके भी प्रचार के देखने को मिल रहे हैं। पंच से लेकर सरपंच, जनपद के प्रत्याशियों ने भी प्रचार शुरु कर दिया है।

## छह फरवरी तक नाम वापसी का समय, चुनाव चिन्ह का आवंटन भी इसी दिन

### इन क्षेत्र से इतने प्रत्याशी

मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 में पांच, क्षेत्र क्रमांक 2 में छह, क्षेत्र क्रमांक 3 में दस, क्षेत्र क्रमांक 4 में पांच, क्षेत्र क्रमांक 5 में चार, क्षेत्र क्रमांक 6 में दो, क्षेत्र क्रमांक 7 में आठ, क्षेत्र क्रमांक 8 में पांच, क्षेत्र क्रमांक 9 में तीन, क्षेत्र क्रमांक 10 में दो, क्षेत्र क्रमांक 11 में 3, क्षेत्र क्रमांक 12 में ग्यारह और क्षेत्र क्रमांक 13 में तीन-तीन अभ्यार्थी चुनावी मैदान में शेष हैं। इस तरह जिले की कुल 13 जिला पंचायत सीटों में 67 अभ्यर्थी मैदान में हैं।

### खास बातें

- जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पदों के लिए भी स्क्रूटनी की कार्रवाई पूरी
- नाम वापसी के बाद साफ होगी गांव के चुनाव की तस्वीर



**6 को चिन्ह आबंटन :** जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने बताया कि जिले के 13 जिला पंचायत क्षेत्र से कुल 68 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है। 4 फरवरी को नामांकन पत्रों की समीक्षा की गई, 6 फरवरी को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का वितरण किया जाएगा।

## कई नेताओं के कटे टिकट, विधायकों की पसंद भी दरकिनार

# अधिकृत प्रत्याशी की सूची से कांग्रेस में मचा बवाल, दिग्गज नेता नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तेरा-मेरा के चक्कर में अटकी रही कांग्रेस की जिला पंचायत के अधिकृत प्रत्याशियों की सूची के जारी होने के बाद तीन जिलों में बवाल की स्थिति निर्मित हो गई है। प्रदेश कांग्रेस की अनुशंसा के बगैर ही जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी की गई सूची को लेकर शिकवा-शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। जारी की गई सूची में अधिकृत प्रत्याशियों के नाम को बदलने का भी जबर्दस्त दबाव बनाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस में पिछले एक हफ्ते से चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस विधायकों और संगठन के बीच चल रही तकरार के बीच जारी कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों की सूची से घमासान तेज हो गया है। हालात यह है कि जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस को बगावत की आग से जूझने जैसी स्थिति निर्मित होते दिखाई दे रही है। सूत्रों ने बताया कि तीनों जिलों में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस की अनुशंसा कराए बगैर ही सूची को जारी कर दिया है। जिसके चलते अब आक्रोश की स्थिति निर्मित होते दिखाई दे रही है। बताया जाता है कि कुछ सीटों में कांग्रेस विधायकों ने अपने समर्थकों को अधिकृत करा दिया है। जिसके चलते ग्रामीण स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस विधायकों को इस बात का भय सता रहा है कि यदि उन्होंने विस चुनाव के दावेदारों को जिला पंचायत का चुनाव कांग्रेस के अधिकृत होकर लड़ने का मौका दिया तो अगली बार ऐसे नेता फिर से विस चुनाव में प्रबल दावेदार के रूप में सामने आ जाएंगे। यही कारण है कि ऐसे नेताओं को अधिकृत कराया गया है। जिससे उन्हें अगली बार टिकट के लिए कोई दिक्कतें न उठाना पड़े।



- कई दिग्गजों के नाम सूची से हटाए गए
- प्रदेश संगठन तक पहुंची शिकवा शिकायतें, सूची में बदलाव की भी मांग

**यह रही सूची :** कांग्रेस ने जिपं 1 से श्रीमती वेजन्ती शाण्डे, 2 से श्रीमती कविता साहू, 3 से भागवत साहू, 5 से श्रीमती रिता सुरेश नाहटा, 6 से श्रीमती नीलम साहू, 8 से श्रीमती पुष्पा वर्मा, 9 से श्रीमती प्रभा साहू, 10 से श्रीमती रामक्षत्री चंद्रवंशी, 11 से श्रीमती अश्वनी मंडलोई, 12 से श्रीमती राजकुमारी सिन्हा और 13 से प्रताप धावड़े को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। वहीं क्षेत्र क्रमांक 4 व 7 से अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है।

### हाईकमान के आदेश को किया नजर अंदाज

जिला पंचायत चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी पर्यवेक्षकों और संगठन के नेताओं को साफ तौर पर यह आदेश दिया था कि जिन सीटों पर एक से ज्यादा दावेदार सामने आते हैं, वहां कांग्रेस द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को अधिकृत नहीं किया जाएगा। तीनों जिलों के कई सीटों पर ऐसी स्थिति निर्मित रही, लेकिन जिला कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश की धज्जियां उड़ाते सूची जारी कर दी है।

### सूची रद्द करने का बना दबाव

बताया जाता है कि खैरागढ़, राजनांदगांव और मोहला जिला कांग्रेस द्वारा जारी की गई सूची को लेकर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास शिकायत भी की है। शिकायत के बाद प्रदेश कांग्रेस द्वारा सूची को रद्द करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कुछ सीटों पर अधिकृत प्रत्याशी के नाम को बदलने का भी दबाव बनाया गया है, लेकिन जिला संगठन ने हाथ खड़े कर दिए हैं।

# चुनावी शोर के बीच होगी दसवीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ में निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव की घोषणा कर दी है। 11-23 फरवरी तक वोटिंग है। इन सबके बीच 14 फरवरी से सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है। इसके साथ ही एक मार्च से सीजी बोर्ड की भी परीक्षाएं हैं। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई पर बड़ा असर पड़ सकता है। वहीं शिक्षक चुनाव में व्यस्त रहेंगे। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव 11 फरवरी को होंगे। 15 फरवरी को नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के नतीजे आ जाएंगे। इस बार नगरीय निकाय के चुनाव ईवीएम से ही होंगे। निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव की भी घोषणा कर दी है। यह चुनाव 3 चरण में होंगे। इसमें 17, 20 और 23 फरवरी को पंचायत चुनाव के लिए मतदान होगा।

शिक्षकों का कहना है कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा, माक टेस्ट के बाद प्री-बोर्ड परीक्षा के बीच प्रैक्टिकल की परीक्षाएं चल रही है। इसी बीच चुनाव भी होना है। इससे निश्चित तौर पर पढ़ाई पर असर पड़ेगा। शिक्षक लगातार मुस्तैदी से अपनी दोहरी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, पर उनका भी काम करने की एक सीमाएं हैं। इस प्रकार का कार्यक्रम तय करने से पहले सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए था।

### स्कूल बनेंगे मतदान केंद्र

चुनाव के दौरान ज्यादातर स्कूलों को मतदान केंद्र बना दिया जाता है। इस वजह से कक्षाएं बंद हो जाती है या फिर सिर्फ नाममात्र के लिए चलती है। चुनाव की तैयारियों में स्कूल का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी पूरी तरह इस्तेमाल होता है। जिससे स्टुडेंट्स को पढ़ाई के लिए शांत माहौल नहीं मिलता। इसका विरोध भी किया जा रहा है। शिक्षक संघों का कहना है कि चुनाव और परीक्षाओं का टकराना निश्चित है।

# चुनावी माहौल के बीच वैवाहिक आयोजनों की धूम, भवन-कैटरिंग की एडवांस बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फरवरी माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्त से लोगों में उत्साह का माहौल है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में कई लोगों के यहां वैवाहिक आयोजन है। वहीं इन दिनों चुनावी माहौल का भी वातावरण निर्मित है। सुबह से देर शाम तक बाजे-गाजे की गूंज बन रही है।

ज्ञात हो कि मकर संक्रांति के बाद से मांगलिक कार्यक्रमों के लिए मुहूर्तो की शुरूआत हो चुकी है। फरवरी माह में भी लगातार वैवाहिक मुहूर्तो का क्रम बना हुआ है। जिससे लोगों में उत्साह का माहौल निर्मित है एवं लोगों की व्यस्तता बढ़ी हुई है।

पंचाग के अनुसार इस माह 2, 3 फरवरी को मुहूर्त था। इसके बाद लगातार 6, 7, 8, 11, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22, 23, 24 तारीख को मांगलिक मुहूर्त है। जिसके चलते कई परिवार जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होने हैं। उनमें व्यस्तता का आलम बना हुआ है। तैयारियां भी जोर-शोर से जारी है। मांगलिक शहनाईयों के साथ ही इधर नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का वातावरण निर्मित है। जिसके चलते बाजे-गाजे छोटे-बड़े जुलूस का नजारा बना हुआ है। नगरीय निकाय चुनाव के चलते शहर के ग्रामीण वार्डों से लेकर शहरी वार्ड में दीवार लेखन, झंडा, बैनर, पोस्टर, पाम्पलेट से गली-कूचे शहर के चौक-चौराहे सजे हुए हैं।

### ग्रामीण इलाकों में भी चुनावी चर्चा

इधर ग्रामीण इलाकों में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का माहौल तैयार होने लगा है। चौक-चौराहों में ग्रामीणों के बीच चुनावी चर्चाओं का दौर है। जिससे आगामी दिनों में ग्रामीण इलाकों में भी चुनावी सरगर्मी बने रहने की संभावना है। कई ग्रामीण वैवाहिक आयोजनों के बीच चुनावी वातावरण के लिए भी समय निकालने व्यस्त नजर आने लगे हैं।

### बाजे-गाजे के बीच शहनाईयों की गूंज

बहरहाल चुनावी बाजे-गाजे के बीच मांगलिक शहनाईयों की भी गूंज बनी हुई है। इधर लगातार फरवरी माह में वैवाहिक मुहूर्तो के क्रम से लोगों में उत्साह बना हुआ है। शादी पार्टी-बारात के साथ ही व्यस्तता में भी दिन गुजर रहा है।


## मेयर के गुलाबी, पार्षद प्रत्याशी के सफेद पर्ची में रहेंगे नाम

# सभी बूथों में रहेंगी दो मशीनें, 80+ उम्र वालों को भी केंद्र आकर देना होगा वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव के लिए दो वोटिंग मशीन हर पोलिंग बूथ पर लगेगी। जिसमें से एक वोटिंग मशीन के जरिये पार्षद प्रत्याशी को वोट होगा। वहीं दूसरी मशीन में मतदाता महापौर प्रत्याशी के लिए मतदान करेंगे। शहर में 155 पोलिंग बूथ होंगे। जिनमें 7 सहायक मतदान केंद्र भी होगा। हर बूथ पर दो वोटिंग मशीन लगेगी।

80 वर्ष से अधिक उम्र आयु वर्ग के बुजुर्गों के लिए लोकसभा और विधानसभा में दी गई वोटिंग की सुविधा इस नगरीय निकाय चुनाव में नहीं होगी। जिला प्रशासन द्वारा महापौर और पार्षद पदों पर वोटिंग के लिए मतदाताओं को जागरूक करने सार्वजनिक स्थलों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में मतदान की प्रक्रिया समझाई जा रही है।



**मतदान दल में सिर्फ पुरूष कर्मचारी :** नगरीय निकाय चुनाव के तहत संपन्न होने वाले मतदान में सिर्फ पुरूष कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान दल के लिए पुरूष कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त होने के चलते ऐसा किया गया है।

### दो वोट होंगे जारी

पोलिंग बूथ पर मतदान कर्मचारियों द्वारा वोटरों के लिए दो वोट जारी किए जाएंगे। जिसमें पहले मशीन पर मतदान करने में हल्की बीप की आवाज आएगी। वहीं दूसरी मशीन का बटन दबाते ही लंबी बीप की आवाज के साथ मतदान की प्रक्रिया पूरी होगी।

### दो कलर की पर्ची

महापौर पद के उम्मीदवारों के लिए वोटिंग मशीन पर सफेद पर्ची में महापौर प्रत्याशियों का नाम और चुनाव चिन्ह होगा। वहीं पार्षद प्रत्याशियों के लिए वोटिंग मशीन में गुलाबी रंग की पर्ची पर पार्षद प्रत्याशियों का नाम और उनके चुनाव चिन्ह होंगे।

# मड़ई घूमकर लौट रहे युवकों से मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंडई होने से गांव गए युवा बाइक में सवार होकर घूमने निकले थे। इस दौरान मोपेड में सवार युवकों ने उनसे विवाद करते मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी देवेन्द्र चंद्रवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 फरवरी को ग्राम हालेकोसा में मंडई होने से वह अपने दोस्तों के साथ ग्राम भंडारपुर आए थे तथा मंडई देखकर हालेकोसा से घूमने के लिए रात करीब 10 बजे छुरिया के लिए मोटर साइकिल से निकले थे। हालेकोसा मोड के आगे पहुंचे थे, तभी स्कूटी में सवार अजय पटोरिया, तुषार अग्रवाल व जतीन गोस्वामी ने मोटर साइकिल को लात से मारकर इन लोगों को गिरा दिया तथा तीनों हाथ-मुक्का, झापड़ व लात से इनको मारने लगे तथा एक लड़का चाकू जैसा हथियार से उसे पीठ तथा विक्रम कंवर को कुल्हे के पास मारा। जिससे वह बेहोश जैसा हो गया था, तब 112 वाहन से छुरिया अस्पताल लेकर आए तथा उपचार कराए हैं। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपियों का पता तलाश कर पुलिस ने आरोपी अजय पटोरिया उम्र 22 साल, तुषार अग्रवाल 21 साल एवं जतीन गोस्वामी 18 साल के खिलाफ कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य, सहायक उपनिरीक्षक सत्तूलाल कवर, आरक्षक नंद राठिया, देवीलाल, असवन वर्मा, अयूब एक्का एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## कल डोंगरगढ़ प्रवास पर रहेंगे गृहमंत्री अमित शाह, मंदिर में दर्शन भी करेंगे

# गौरी नगर, तुलसीपुर और लखोली में जनसभा लेंगे सीएम साय, लोगों की भीड़ जुटाने आमंत्रण कार्ड बांट रहे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कल छह फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के दौरे में रहने वाले हैं। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह के तय कार्यक्रम बाद वे राजनांदगांव नगर निगम में तीन जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। भाजपा सीएम की सभा ऐसे वार्डों में आयोजित करा रही है, जो अब तक कांग्रेस का गढ़ माने जाते रहे हैं। वहीं सभा में भीड़ जुटाने के लिए एक विशेष आमंत्रण कार्ड छपवाया गया है, जिसे कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर बंटवाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर होने वाले मतदान से पहले प्रचार के लिए अब गिनती के दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में सत्ताधारी दल भाजपा ने पूरी ताकत झोंकना शुरू कर दिया है। स्टॉर प्रचारकों के कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही अब आला नेताओं के रोड-शो और जनसभाएं आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में कल गुरुवार को सीएम विष्णुदेव साय प्रचार करते नजर आएंगे। उनके बाद विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल भी प्रचार करते दिखेंगे। भाजपा संगठन प्रचार को लेकर पूरा रोड मैप तैयार कर चुका है। जिसके अनुसार ही नेताओं के दौरे कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर सांसद, विधायक को भी लोगों के बीच भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगने भेजा जा रहा है।



### कल डोंगरगढ़ प्रवास पर गृहमंत्री शाह

कल गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह डोंगरगढ़ के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे दोपहर 1.10 बजे चंद्रगिरी तीर्थ स्थित विद्यायतन समाधि स्मारक में आयोजित विनयांजलि समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद प्रतिभाशाली विद्यालय में भोजन कर दोपहर 2.50 को छोटी बम्लेश्वरी मंदिर में माता के दर्शन करने जाएंगे। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर के जरिए रायपुर होकर दिल्ली रवाना हो जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारी शुरु कर दी गई है।

### 20 हजार लोगों को जुटाने की कवायद

सीएम साय की तीन जनसभाओं के जरिये 20 हजार मतदाताओं तक सीधे पहुंचने की कोशिश होगी। इन तीनों ही जगह अलग-अलग टारगेट भीड़ जुटाने का कार्यकर्ताओं को दिया गया है। लोगों को आमंत्रित करने के लिए घर-घर जाकर आमंत्रण कार्ड देने के साथ फोन एवं सोशल मीडिया के सहारे भी लोगों को बुलाने की कवायद की जा रही है। तीनों ही जनसभाओं के लिए अलग-अलग नेताओं को प्रभारी भी बना दिया गया है।

### इन वार्डों में जनसभा

भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार कल छह फरवरी को सीएम विष्णुदेव साय राजनांदगांव शहर में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इनमें एक जनसभा वार्ड क्रमांक 13 गौरीनगर में आयोजित की गई है। इस जनसभा के जरिये वार्ड क्रमांक 11, 12, 13 को साधने की कवायद की जाएगी। वहीं दूसरी जनसभा लखोली स्थित गौठान में ली जाएगी। यहां जनसभा के जरिये वार्ड क्रमांक 31, 32, 33, 34, 35 को साधने की कोशिश होगी। तीसरी जनसभा तुलसीपुर स्थित जालीखाता मैदान में रखी गई है। यहां के जरिये वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18 के मतदाताओं को साधा जाएगा।



## खबर संक्षेप



### खपरी स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**कवर्धा।** वाणी विद्या मंदिर खपरी में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हाईस्कूल के साथ-साथ मिडिल व प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत प्रतिनिधि दिनेश चन्द्रवंशी उपस्थिपत थे। जिन्होने मां सरस्वती के तैलीय चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट, आवेदन 8 तक

**कवर्धा।** कवर्धा कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (जीयूईटी (पीजी)-2025) के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। संबंधित आवेदक 8 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इसी परीक्षा के मेरिट के अनुसार देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में एडमिशन दिए जाते हैं।

**चुनाव:** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से 17 ने भरा नामांकन

# जिला क्षेत्र क्रमांक 11 में होगा भाजपा प्रत्याशियों के बीच दंगल?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भी नामांकन दाखिले की प्रक्रिया अंतिम तिथि 3 फरवरी को पूरी कर ली गई है। अब नामांकन जांच के बाद 6 फरवरी को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। जिले में हो रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में सबसे ज्यादा घमाशान जिला पंचायत के सदस्य पदों के लिए देखने को मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत कबीरधाम के कुल 14 क्षेत्र क्रमांकों के लिए कुल 119 उम्मदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। जिसमें सबसे ज्यादा 17 नामांकन जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से दाखिल किए गए है वहीं सबसे कम 4 नामांकन जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 से दाखिल किए गए है। यहां बताना लाजिमी होगा कि वैसे तो जिला पंचायत के सभी क्षेत्र क्रमांकों में प्रत्याशियों के बीच रोचक और कांटे का मुकाबला देखने को मिलेगा। लेकिन जहां तक अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए आरक्षित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 की बात की जाए तो यहां का मुकाबला न सिर्फ रोचक और कांटे का मुकाबला होगा बल्कि हो सकता है कि इस सीट से एक ही पार्टी के कई-कई उम्मीदवार एक दूसरे से दो-दो हांथ करते चुनावीरण में नजर आ सकते हैं। दरअसल जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से इस बार भाजपा ने अभी तक अपना कोई अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। पार्टी आलाकमान ने अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए आरक्षित इस सीट के लिए पार्टी के दावेदारों से दो टूक कह दिया है जो जीता वहीं सिकंदर। यहीं वजह है कि इस सीट से प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के अलावा कई निर्दलीय तथा सत्तारूढ़ दल भाजपा के भी कई जाने माने और पार्टी में पड़े पदों वाले चेहरे भी उतर आए हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से नामांकन दाखिल करने वालों में आशीष चन्द्रवंशी, भुनेश्वर कौशिक, देवकुमारी चन्द्रवंशी, दिनेश चन्द्रवंशी, गौरीदेवी साहू, कमल निषाद, कुंजराम साहू, लालचन्द्र साहू, राधेलाल साहू, राजेश साहू, रामकुमार सिन्हा, शिवप्रसाद साहू, तुकुश्वर साहू तथा वीरेन्द्र साहू शामिल हैं। इस स्थिति में माना जा रहा है कि अगर इन प्रत्याशियों ने नाम वापसी की अंतिम तिथि तक अपने नाम वापस नहीं लिए तो जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 में निश्चित रूप से बेहद दिलचस्प और खास मुकाबला देखने को मिल सकता है।

### 6 को स्पष्ट होगी प्रत्याशियों की स्थिति



पंचायत चुनाव के लिए नामांकन वापसी की तिथि 6 फरवरी को निर्धारित की गई है। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि जिला पंचायत के कुल 14 क्षेत्र क्रमांकों के साथ ही क्षेत्र क्रमांक 11 से कौन मैदान छोड़ता है और कौन चुनावीरण में डंटे रहकर ताल ठोंकता है। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत मतदान तीन चरणों में 17, 20 एवं 23 जनवरी को निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार मतदान के लिए 18, 21 एवं 24 फरवरी की तिथि निर्धारित है।

# गन्ना विक्रेता किसानों के खाते में 10.09 करोड़ रुपए का भुगतान जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखण्ड में संचालित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित द्वारा किसानों को 10.09 करोड़ रुपए का भुगतान जारी किया गया है। कारखाना के प्रबंध संचालक उत्तर कुमार कौशिक ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 में 7,739 शेयरधारक किसानों को शेष गन्ना रिकवरी राशि 5.94 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। इस प्रकार, पेराई सत्र 2023-24 की कुल रिकवरी राशि 31.19 करोड़ रुपए का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है। पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना विक्रेता किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य 315.10 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गन्ना खरीदी जारी है। अधिक से अधिक किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 24 नवंबर 2024 से 7 दिसंबर 2024 तक के गन्ना विक्रेता किसानों को 150 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 4.15 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है, और शेष राशि का भुगतान शीघ्र किया जाएगा। इस प्रकार, पेराई सत्र 2024-25 प्रारंभ होने के बाद 4 फरवरी 2025 तक कुल 27.29 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। वर्तमान में 1,41,595.781 मीट्रिक टन गन्ने की खरीदी हो चुकी है, जिसकी रिकवरी 12.40 प्रतिशत है। यह दर वर्तमान में प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर है। गन्ना विक्रेता किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कारखाने द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

# चुनावी रैलियों में बच्चों व महिलाओं की भीड़

## चुनाव प्रचार बना कमाई का जरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



चुनावी अखाड़े में ताल ठोंक रहे प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में अब पारा पड़ोस के बच्चों को भी झोंका जा रहा है। छोटा-मोटा प्रलोभन देकर बच्चों की टोलियों के हांथों में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों का झंडा थमाकर दिनभर जीतेगा भई जीतेगा, के नारे लगवाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कवर्धा नगरीय क्षेत्र इन दिनों नगरीय निकाय चुनाव के चलते रणभूमि में तब्दील हो गया है और इस रणभूमि में ताल ठोंक रहा हर प्रत्याशी अपने प्रतिद्वंदी को हर मोर्चे में पटखनी देना चाहता है। ज्यों-ज्यों मतदान की तिथि नजदीक आते जा रही है प्रत्याशियों के बीच यह रस्सा-कस्सी का खेल अपने पूरे शवाब पर चढ़ते जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष पद और वार्ड पार्षद के लिए चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने नगर के सभी वार्डों में अपने कार्यालय खोल लिए हैं। जिनमें बैठे उनके समर्थक चुनावी रणनीति के तहत चुनाव का संचालन कर रहे हैं। इन सबके बीच अब प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार के लिए बच्चों को भी सकेलना शुरू कर दिया है। वार्डों में बने कार्यालयों में सुबह से ही बच्चों को बुलवा लिया जाता है और हल्का फुल्का नाश्ता देकर प्रचार के लिए रवाना कर दिया जाता है। बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ विभिन्न प्रत्याशियों के बैनर पोस्टर हांथों में थामे वार्डों के गली मोहल्लों में घूम-घूमकर प्रत्याशियों के लिए वोट मांग रहे हैं। पार्टियों से जुड़े लोगों की मानें तो बच्चें प्रचार के लिए एक बेहतर साधन हैं और वे किसी के पक्ष में माहौल बनाने में बेहतर साबित होते हैं। यही वजह है कि प्रायः सभी प्रत्याशी अपने वार्डों के बच्चों को साथ ले रहे हैं। बहरहाल प्रत्याशियों का यह प्रयास कितना कारगर होता है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन बच्चों के लिए नगरीय निकाय चुनाव जेब खर्चा निकालने का साधन जरूर बन गया है।

### महिलाएं भी पीछे नहीं

इस चुनावी त्यौहार में महिलाएं भी पीछे नहीं है। विशेष रूप से मजदूरी तथा दूसरों के घरों में झाड़ू, पौंछा, बर्तन आदि का काम करने वाली महिलाएं इन दिनो चुनावी प्रचार में व्यस्त है। बताया जाता है कि इन महिलाओं को प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए 300 से 500 सौ रूपए तक की रोजी दी जा रही है और भीड़ बढ़ाने के लिए सुबह से लेकर देरशाम तक अपने साथ घुमाया जा रहा है। ऐसे में ये महिलाएं अपने मूल कार्य से कन्नी काट कर अतिरिक्त आय अर्जित करने में लगी हुई हैं।

### 5 वीं-8 वीं परीक्षा की समय सारिणी घोषित

**कवर्धा।** उपसंचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने कक्षा पांचवीं एवं आठवीं केन्द्रीकृत परीक्षा 2025 के लिए समय सारिणी की घोषणा की गई है। परीक्षा 17 मार्च से शुरू होकर 3 अप्रैल 2025 तक चलेगा। परीक्षा का समय 5 वीं के लिए सुबह 8 बजे से 10 बजे तक व कक्षा 8वीं के लिए सुबह 8 बजे से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिसके मुताबिक आगामी माह में होली के बाद 17 मार्च से कक्षा पांचवी की परीक्षा शुरू होगी। 17 मार्च 2025 दिन सोमवार को व पहला पेपर गणित विषय का है। दूसरा पेपर 21 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा, 24 मार्च 2025 सोमवार को हिन्दी का पेपर वहीं 27 मार्च 2025 गुरूवार को पर्यावरण पेपर के साथ 5 वीं कक्षा परीक्षा समाप्त होगी।। वहीं कक्षा 8वीं की बात करें तो 18 मार्च से इसकी शुरूवात होगीः पहला पेपर 18 मार्च 2025 दिन मंगलवार को गणित विषय का पेपर होगा। 22 मार्च शनिवार को हिन्दी विषय, 26 मार्च बुधवार को अंग्रेजी विषय, 29 मार्च दिन शनिवार को सामाजिक विज्ञान, 01 अप्रैल 2025 मंगलवार को विज्ञान विषय का तथा आखिरी पेपर 03 अप्रैल को दिन गुरुवार को संस्कृत व उर्दू विषय की परीक्षा निर्धारित की गई है।

# कैंसर रोग से बचाव के लिए जागरुकता अभियान आयोजित

- कैंसर व स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता जरूरी: डॉ. केशव ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला चिकित्सालय के ओपीडी हॉल में 04 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. बीएल राज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ. केशव ध्रुव सिविल सर्जन की अध्यक्षता में किया गया। इसमें डॉ. जितेन्द्र वर्मा आरएमओ, डॉ. हर्षित टुवानी एनसीडी कैंसर जिला नोडल अधिकारी, डॉ. अर्पित यादव शल्यरोग, डॉ. अनामिका पटेल, डॉ. रोशनी पटेल (दंत रोग), डॉ. अन्जू सोनवानी और बालाराम साहू रेडक्रास राज्य प्रतिनिधि ने उपस्थित लोगों को कैंसर के बचाव के बारे में जानकारी दी। सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव ने कहा कि हर साल 4 फरवरी को पूरे विश्व में विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस बीमारी से लड़ने के लिए वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करने का एक अहम अवसर है। आज कैंसर, दुनिया में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है, और इसके बढ़ते मामलों को देखते हुए इस दिन का महत्व और भी अधिक हो जाता है। उन्होंने आगे बताया कि कैंसर की रोकथाम, उपचार और इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए यह प्रयास बेहद जरूरी हैं। डॉ. जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि यदि कैंसर का इलाज प्रारंभिक अवस्था में किया जाए तो इसे ठीक किया जा सकता है, लेकिन अधिकतर मामलों में लोगों को इसके लक्षणों के बारे में जानकारी नहीं होती, जिसके कारण यह बीमारी अगली अवस्था में पहुंच जाती है और इलाज कठिन हो जाता है। डॉ. हर्षित टुवानी ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस का महत्व इस कारण बढ़ जाता है क्योंकि यह बीमारी लाखों लोगों की जान ले चुकी है और अब भी इसके मामलों में वृद्धि हो रही है। जिला चिकित्सालय कबीरधाम में कीमोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध है और अब तक 60 से ज्यादा किमोथैरेपी 27 कैंसर मरीजों को दी जा चुकी है। कार्यक्रम में डॉ. अर्पित यादव ने स्तन कैंसर और शरीर में होने वाले बदलावों, गांठों की समय पर जांच, लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान गणेश साहू ने कैंसर से बचने के उपायों के बारे में बताया और साझा किया कि कैसे वे कैंसर के इलाज के बाद स्वस्थ हो गए।

# गंधर्व समाज द्वारा मां सरस्वती मंदिर में मनाया गया बसंत पंचमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम जिले के एकमात्र मां सरस्वती मंदिर जेवडन कला, भागूटोला में गंधर्व समाज जिला कबीरधाम द्वारा बसंत पंचमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। समाज द्वारा देश, राज्य व जिले में शांति सुरक्षा के लिए सर्वप्रथम ज्ञान व बुद्धि की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना व हवन का कार्यक्रम पंडित जगदीश प्रसाद तिवारी द्वारा विधि विधान से किया गया। उपरांत समाज द्वारा सामाजिक गतिविधियों संबंधी चर्चा परिचर्चा किया गया तथा महोत्सव में महिला सशक्ति को आगे बढ़ाने हेतु जिला, ब्लाक व क्षेत्रीय स्तर पर महिला संगठन को मजबूत बनाने संबंधित कार्य करने की बात कही। इस कार्यक्रम में कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम गंधर्व, उपाध्यक्ष जनक राम गंधर्व, सचिव यशवंत गंधर्व, सह सचिव मिथिलेश गंधर्व, सालिकराम सागर, सीताराम, बलराम, चैतुराम, भुवन, दुलारी, प्रहलाद, पल्टू, साधराम, मनोज इतवारी, मेलन, भेखाराम, लक्ष्मण, अवधराम, पुन्नीराम, सोनूनिगम, नवयुवक समिति जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद दादू गंधर्व, रविंद्र राजा गंधर्व मेघराम, रवि, चंद्रकांत, परमेश्वर रजनीकांत, महिला संगठन से श्रीमती गोदावरी गंधर्व, कौशल्या, सुशीला, सुखियारीन, पूनम, पर्वती, पूजा, मीरा, खुशबू, रामकली, भगवती, रेखा, उषा, सुमन, लालती, प्रतिमा, प्रमिला, सुकून, मीना, संतोषी, सीमा, लक्ष्मी, ममता व समाज के सैकड़ो सामाजिक जनों द्वारा बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में उपस्थित हुए। ज़िला मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद दादू गंधर्व ने बताया की समाज में शिक्षा व आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए युवाओं व महिलाओं को आगे लाने की बहुत

### महिला की झोपड़ी में आग लगाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**कवर्धा।** आपसी विवाद के चलते गरीब ग्रामीण की झोपड़ी में आग लगाने वाले तीन आरोपियों को पंडरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 3 फरवरी की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम नर्सिंगपुर के खेत में बने एक ग्रामीण की झोपड़ी में गांव के ही तीन लोगों ने मिलकर आग लगा दी। बताया जाता है कि पीड़ित महिला और आग लगाने वालों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिस वक्त झोपड़ी में आग लगाई गई उस समय महिला झोपड़ी में ही मौजूद थी। आगजनी की घटना में बाल-बाल बची महिला ने पंडरिया पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पंडरिया पुलिस ने मामले में लोकेश गोंड़ ,पंचराम गोंड़ और पंचुरम गोंड़ को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला के मुताबिक 3 फरवरी को वह अपने खेत में काम कर रही थी इस बीच तीनों आरोपी वहां पहुंच गए और महिला से विवाद करने लगे। जिसके बाद महिला वहां से भागकर अपने घर में आ गई। इसी बीच तीन में से एक आरोपी ने घर में आग लगा दी। घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस के मुताबिक महिला ने बताया कि आगजनी की घटना में वो किसी तरह से जान बचाकर भागी है। पुलिस ने पकड़े गए लोगों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल दाखिल कर दिया है।

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देशन में जाबो कार्यक्रम**

# नगर व ग्राम पंचायतों के मतदाताओं को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के दिशा-निर्देश में जिले के सभी नगर पंचायत और ग्राम पंचायत में जाबो कार्यकम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करना और उन्हें मतदान की प्रक्रिया के महत्व के बारे में समझाना और निष्पक्ष मतदान की अहमियत पर लोगों को जानकारी देना है। यह अभियान विभिन्न माध्यमों से चलाया जाता है। जन जागरूकता कार्यक्रम स्कूलों, कॉलेजों, और सामुदायिक स्थलों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मीडिया प्रचार रेडियो, टीवी, सोशल मीडिया, और पोस्टरों के माध्यम से जागरूकता फैलाना, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिताएं युवाओं को मतदान के महत्व पर रचनात्मक तरीके से जानकारी देने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन और मोबाइल ऐप्स मतदाता सूची, उम्मीदवारों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए ऐप्स का प्रचार किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्व सहायता समूह की दीदीयों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वे ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर, रैली निकालकर और जनसभा आयोजित कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रही हैं। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव में मतदाताओं को जागरूक करना और उन्हें निर्वाचन में अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित करना है। ईवीएम प्रदर्शन का आयोजन नगरीय निकायों में किया जा रहा है, ताकि मतदाताओं को ईवीएम की प्रक्रिया और इसकी सही तरीके से उपयोग के बारे में जानकारी दी जा सके। इस प्रदर्शन में लोग ईवीएम की कार्यप्रणाली को समझने के साथ-साथ मतदान के दौरान होने वाली तकनीकी प्रक्रिया को भी जान पा रहे हैं।

# अभ्यर्थी, अभिकर्ता व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया ईवीएम का रेण्डमाईजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला कबीरधाम के लिए नियुक्त प्रेक्षक बी. विवेकानंद रेड्डी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा और अभ्यर्थी, अभिकर्ता और राजनीतिक दलों की प्रतिनिधि के उपस्थिति में आज 03 फरवरी को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) से सम्बद्ध कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट का रेण्डमाईजेशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ताओं द्वारा ईव्हीएम मशीन के संदर्भ में पूछे गए सभी सवालों का संतोषप्रद जवाब देते हुए उनके शंका का समाधान भी किया। इस दौरान अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ताओं को ईवीएम का प्रर्दशन कर मतदान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, कवर्धा सुश्री आकांक्षा नायक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त सहित अभ्यर्थी, अभिकर्ता और राजनीतिक दलों की प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि जिले में दो नगर पालिका और पांच नगर पंचायत है। इन सातों नगरीय निकाय में 145 मतदान केन्द्र है। सभी मतदान केन्द्रों के लिए रिजर्व सहित 200 कंट्रोल यूनिट और 376 बैलेट यूनिट तैयार किया गया है। कवर्धा के लिए 68 कंट्रोल यूनिट और 116 बैलेट यूनिट, पंडरिया के लिए 27 कंट्रोल यूनिट और 49 बैलेट यूनिट, पिपरिया के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, बोड़ला के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, पाण्डातराई के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, इंदौरी के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, सहसपुर लोहारा के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 43 बैलेट यूनिट तैयार किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## पीजी कॉलेज कवर्धा के रासेयो का शिविर ग्राम छिरहा में संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृन्थ मुनी नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा के राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला एवं पुरुष इकाई के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत छिरहा 27 जनवरी से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर एवं शुभकामनाएं देकर शिविर को महाविद्यालय से रवाना किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे एवं डॉ राकेश चंदेल के नेतृत्व में महिला एवं पुरुष इकाई के वॉलंटियर शिविर में अपनी सेवाएं दे रहे है। शिविर का मुख्य उद्देश्य सेवा के माध्यम से जागरूकता संदेश देना है। जिसमें सात दिवस तक प्रभात फेरी से लेकर बौद्धिक परिचर्चा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी जाती है। प्रथम दिवस पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया तथा उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा कर अच्छे नागरिक बनने का संदेश दिया। इस शिविर में कार्यक्रम अधिकारियों व शिक्षक शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अभ्यर्थियों को मतदान प्रक्रिया की दी जानकारी


# ईवीएम के माध्यम से मतदान प्रक्रिया को विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मंगलवार को व्यय प्रेक्षक बी विवेकानंद रेड्डी और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा की उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों को ईवीएम मशीन के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। मतदान के प्रारंभ से लेकर अंत तक की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई और इस दौरान उपस्थित सभी लोगों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों ने ईवीएम मशीन में मतदान का डेमों करके देखा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कोंड़ों, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, सुंश्री आकांक्षा नायक, उप-जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और अभ्यर्थी उपस्थित थे। राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों ने ईवीएम की कार्यप्रणाली को जानने और समझने के बाद अपनी शंकाओं का समाधान पाकर विश्वास व्यक्त किया। यह कार्यक्रम आगामी नगरीय निकाय निवार्चन में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इसके माध्यम से सभी प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना और यह सुनिश्चित करना था कि वे ईवीएम का सही उपयोग कर सकें, जिससे चुनाव में किसी भी प्रकार की कोई भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

### निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर जोर दिया



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने मतदान प्रक्रिया के महत्व को समझाते हुए कहा कि ईवीएम मशीन एक सुरक्षित और प्रभावी तरीका है, जो मतदान के परिणामों को शीघ्र और सही तरीके से प्रदान करता है। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि हर नागरिक का वोट बिना किसी भय या भटकाव के डाला जाए। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सभी प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों ने मतदान प्रक्रिया, ईवीएम के इस्तेमाल और चुनावी आचार संहिता के पालन संबंधी कई सवाल पूछे। इन सवालों का विस्तार से उत्तर दिया गया, जिससे सभी ने पूरी तरह से संतुष्टि व्यक्त की।

# जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का हिंदू राष्ट्र अभियान में 12 को होगा आगमन

- सनातन धर्मवलंबियों में अत्यंत उत्साह व भक्तियम का माहौल, तैयारियां जोरों पर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हिंदू राष्ट्र प्रेणता तथा सनातन धर्म के सर्वोच्च सर्वमान्य एवं सार्वभौम धर्मगुरु ऋग्वेदीय पूर्वमनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग का हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत 12 से 15 फरवरी 2025 तक कवर्धा की पावन धरा में मंगलमय प्रवास होने जा रहा है। आदित्यवाहिनी जिलाध्यक्ष आशीष दुबे ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 12 फरवरी को पूज्यपाद का नगर में शुभागमन सायं 4 बजे होगा जहां उनका सनातन परंपरा के साथ स्वागत करते हुए उन्हें अभिनंदनपूर्वक यूनियन चौक स्थित निज निवास लाया जाएगा।



इस पावन अवसर पर 13 एवं 14 फरवरी को स्थानीय सरदार पटेल मैदान में 3:30 बजे से धर्मसभा का मंगलमय आयोजन होगा। जहां पूज्यपाद श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग के मुखारविंद से एवं उनकी अमृतमयी वाणी में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रभक्ति पर आधारित धर्मोपदेश श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

इसी प्रकार 13 से 15 फरवरी तक प्रातः 1 बजे यूनियन चौक स्थित निवास प्रांगण में हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी, दर्शन, दीक्षा एवं पादुका पूजन का कार्यक्रम होगा, जहां धर्म, अध्यात्म एवं राष्ट्ररक्षा से संबंधित श्रद्धालुओं की जिज्ञासाओं का समाधान पूज्यपाद द्वारा किया जाएगा। वहीं 15 फरवरी को सायं 4 बजे जगतगुरु शंकराचार्य ग्राम मड़मड़ा पाण्डातराई के लिए प्रस्थान करेंगें, जहां 16 फरवरी को उनकी धर्म सभा होगी उसके बाद 17 फरवरी को शाम 4 बजे ग्राम कोलेगांव के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां 18 एवं 19 फरवरी को धर्म सभा का आयोजन होगा। तत्पश्चात 19 फरवरी को ही शाम के समय में आगे प्रस्थान करेंगे।


उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष मारुति शरण शर्मा तथा आदित्य वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में व्यापक तैयारियां की जा रही है। उल्लेखनीय है कि विगत लगभग 9 वर्षों के पश्चात पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग का कवर्धा में शुभागमन हो रहा है। लंबे अंतराल के उपरांत उनके कवर्धा आगमन को लेकर सनातन धर्मवलंबियों में अत्यंत उत्साह का वातावरण है तथा वे उनके दर्शन, दीक्षा, पादुका पूजन एवं धर्मोपदेश के माध्यम से ज्ञान अर्जन करने के लिए प्रतीक्षारत हैं।

इस संपूर्ण कार्यक्रम की तैयारी के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण गुप्ता, कमलकांत रुसिया, लोकेश त्रिपाठी, भोला तिवारी सहित सुरेश गुप्ता, शिव अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, नगर अध्यक्ष मोनू सिंह ठाकुर, कोमल सिंह ठाकुर, व्याख्याता बृजभूषण वर्मा, कुलेश्वर सिंह राजपूत, संतोष सिंह, नंदू सिंह, अंकुश विश्वकर्मा, सार्थक श्रीवास्तव सहित पीठ परिषद आदित्य वाहिनी एवं आनंद वाहिनी के सभी सदस्य एवं पदाधिकारीगण सक्रिय रूप से कार्यक्रम को

# पंडरिया व पाण्डातराई कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक ने कहा- ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाने जनता तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार प्रसार तेज हो चुके हैं। जगह-जगह चुनावी सभा हो रही है तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन के माध्यम से चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहें हैं।



मंगलवार नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई में भी भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि भाजपा के सुशासन और आप सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही पंडरिया एवं पाण्डातराई नगर का विकास संभव हो रहा है। आपकी कर्मठशीलता एवं सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन को मिल सके इसके लिए आपका परिश्रम ही भाजपा की ताकत है। विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव में आप सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही हमने ऐतिहासिक जीत हासिल की और अब एक बार पुनः हमारे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए हमें भाजपा की ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार बनाने के लिए नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी है।

उन्होने कार्यकर्ताओं से अपील कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों, नीतियों और जनहित की योजनाओं को उन तक पहुंचाए। श्रीमती बोहरा ने कहा कि पिछले एक वर्ष में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में हमने पंडरिया एवं पाण्डातराई नगर में विकास के अभूतपूर्व कार्यों को देखा है, उसे भी हमें जनता तक पहुंचाना है। भाजपा की सरकार विकास और जनहित के विषयों को लेकर प्राथमिकता से काम कर रही है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# पीएम सड़क जर्जर, धूल-गुब्बार उठने से राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, बसनी, पेंड्रीकला, हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क का हाल-बेहाल है। पीएम सड़क में जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे व धूल-गुबार उठने से ग्रामीण व राहगीरों को आवाजाही करने में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन प्रधानमंत्री सड़क की लगातार सुधार तथा मरम्मत कार्य की मांग व शिकवा शिकायत के बाद भी इन पीएम सड़क को लेकर जिम्मेदार व विभागीय अधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों व आम नागरिको को भुगतना पड़ रहा है। सड़क पूरी तरह से जर्जर व बदहाल तथा पीएम सड़क स्थिति यह है कि जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील होने के बाद भी वर्तमान में पदस्थ सरकार व क्षेत्र के जनप्रतिधियों की भारी अनदेखी के कारण रोजाना राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि बार फिर से क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चुनावी प्रसार प्रचार के लिए जनप्रतिनिधि सक्रिय तथा बड़े-बड़े भाषण व आश्वान तथा लुभावने वादे कर सत्ता हासिल करने में जुट चुके है। लेकिन सत्ता में पदस्थ होने के बाद स्थिति जस के तस ही रहती है। अतः शासन प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द पीएम सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य किए जाने की अपील की गई ताकि आने-जाने में राहगीरों को सुविधा व राहत मिल सकें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# मक्के स्कूल में धूमधाम से मना बसंत पंचमी उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार की भाति इस वर्ष भी शासकीय प्राथमिक शाला मक्के संकुल केन्द्र पथर्रा में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना कर बड़ी धूमधाम से बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। संस्था प्रमुख श्रीमती प्रधान पाठक एलवीना विलसन द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र में पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक कपूर राम चंद्रवंशी, पूर्व प्रधान पाठक अशोक पाण्डेय, शिक्षक निर्मल कुमार पात्रे, कौशल खांडे, युगल साहू, देवकुमार साहू, रसोईया श्रीमती राजन, बाई साहू मोहित साहू तथा छात्र छात्राओं ने पूजा अर्चना की तथा इस पूर्व के मौके पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, संगीत तथा विभिन्न गतिविधि संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## पांच दिवसीय योग प्रदर्शन व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** आयुष संचनालय के आदेशानुसार डॉ संजय श्रीवास्तव जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में गोछिया आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ विक्की वर्मा, फॉर्मेसिस्ट धनेश कौशिक, चैनराम नेताम, पीटीएस एवं योग प्रशिक्षक बलेश्वर कौशिक द्वारा विकासखण्ड सहसपुर लोहारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम गोछिया में 1 से 5 फरवरी तक पांच दिवसीय योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर मे स्कूली छात्र छात्राओं व ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर योग शिविर से लाभावितं हुए। प्रशिक्षक ने योग शिविर में योगा से जुड़े विभिन्न आसन जैसे भ्रामरी, भ्रस्तिक, कपाल भाति, अनुलोम-विलाम, ओम का उच्चारण सहित विभिन्न प्रकार के आसन जैसे श्वासन, मकरासन, भुजांगासन, वज्रासन, पवन मुक्तासन, उष्ट्रासन, चक्रासन, अर्धचक्रासन, वृक्षासन, सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। योग प्रातः 6 से 8 बजे तक योग से जुड़े विभिन्न लाभ की जानकारियां दी गई।



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## सार समाचार

### स्ट्रांग रूम और मतदान केन्द्र की देखी व्यवस्था



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य हेतु नियुक्त प्रेक्षक आईएएस जयश्री जैन ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जैन ने स्ट्रांग रूम के ईव्हीएम मशीन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जैन ने ग्राम पंचायत सुंदरा में मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में ड्यूटी पर तैनात मतदानकर्मियों तथा मतदाताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, छांव सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### गात्रयी विद्यापीठ में शिक्षकों से किया संवाद



**राजनांदगांव।** शहर के सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड नं. 30 स्थित गायत्री विद्यापीठ स्कूल में पूर्व सांसद एवं भाजपा से महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने सभा को संबोधित कर वार्ड के बीजेपी पार्षद प्रत्याशी शेखर लश्करे का प्रचार-प्रसार किया। सभा में गायत्री विद्यापीठ के कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, सचिव गगन लड्ढा, अकादमिक प्रमुख अमित उत्तलवार, सांस्कृतिक प्रमुख हरीश गांधी, गायत्री विद्यापीठ की प्राचार्यद्वय शैलजा नायर (सीबीएसई) एवं पिंकी खंडेलवाल (सीजी बोर्ड), गायत्री गुरूकुल की प्राचार्य दीपाली रायचा, समाजसेवी राजेन्द्र जैन एवं भाजपा नेता विट्ठल पटेल एवं गोलू गुप्ता सहित शिक्षकगण एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा। पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में मुख्य रूप से संस्कारधानी के विकास को लेकर अपना विजन साझा किया। उन्होंने शहर के विकास को लेकर अपनी पूर्व कार्यकाल की उपलब्धियों गिनाते विगत कांग्रेस शासनकाल में राजनांदगांव नगर निगम की दुर्दशा एवं वार्डों में व्याप्त समस्याओं के संबंध में भी सभा से चर्चा की। भाजपा नेता मधुसूदन ने अपने पूर्व अनुभव के आधार पर इस समस्याओं के समुचित समाधान हेतु जनता से स्वयं को महापौर पद पर चुनने आशीर्वाद मांगा और वार्ड नं. 30 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी शेखर लश्करे को विजयी बनाकर भाजपा को सशक्त करने समर्थन मांगा। इस दौरान पूर्व सांसद ने शिक्षकों से संवाद करते उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। संस्था के पदाधिकारी सूर्यकांत चितलांग्या ने भी सभा को संबोधित किया। आयोजन में मंच संचालन सचिव गगन लड्ढा और अंत में आभार प्रदर्शन हरीश गांधी ने किया।

### चुनावी तैयारियों का किया निरीक्षण


**मोहला।** नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के सफल आयोजन के मद्देनजर जनरल ऑब्जर्वर, आईएफएस 2013 बैच के अधिकारी प्रणव मिश्रा ने विभिन्न चुनावी तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अंबागढ़ चौकी में आयोजित ईवीएम डेमोंसट्रेशन वर्कशॉप का अवलोकन किया और मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों का अवलोकन करते संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन जिला पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के अगले चरण में उन्होंने मोहला विकासखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया। जिसमें मोहला, मड़िंगपीडिंग भुर्सा के मतदान केंद्र शामिल है। उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा और आगामी मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनरल ऑब्जर्वर मिश्रा ने कहा कि चुनावी तैयारियों की नियमित समीक्षा से निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाया जा सकता है।

## देर शाम तक मधुसूदन यादव का वार्डों में व्यापक जनसंपर्क

# नजूल भूमि पर काबिज लोगों को पट्टा देकर बनाएंगे भूमि स्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा के महापौर पद के उम्मीदवार मधुसूदन यादव कल देर रात शहर के बलरामदास वार्ड, बलदेव प्रसाद मिश्र वार्ड, ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड, तुलसीपुर वार्ड एवं वर्धमान नगर क्षेत्र का व्यापक जनसंपर्क करते अनेक स्थानों पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते कहा कि आपका दिया हुआ हर एक वोट शहर के उज्वल भविष्य की असली ताकत बनेगी।

शहर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में केन्द्र व राज्य की सरकारें निरंतर प्रयास कर रही है। हमने पूर्व में शहर के विकास के लिए जो भी कार्य किया है, वह सब आपके सामने है। आने वाले समय में विकास, स्वच्छता व पारदर्शिता कायम की जाएगी। पिछले वर्षों में नगरीय निकाय में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार व कुशासन का नया अध्याय लिख दिया था। केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में हमेशा बाधा उत्पन्न की गई। शहर के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। कांग्रेस द्वारा शहर में फैलाए गए कुशासन को समाप्त करने का समय आ गया है। इस कुशासन को आपके आशीर्वाद से मुक्त किया जाएगा, यह विश्वास मैं आपको हृदय से दिलाता हूं। श्री यादव ने कहा कि सड़क पर व्यापार करने वाले ठेला चालकों व स्ट्रीट वेंडरों के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के माध्यम से तीस हजार रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

### शहर को विकसित करने कार्ययोजना बनाई जाएगी

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री यादव ने पार्टी के प्रदेश स्तर पर जारी चुनाव घोषणा पत्र जिसे अटल विश्वास पत्र के नाम पर जारी किया गया है की चर्चा करते कहा कि नजूल भूमि मालिकाना हक के लिए नया कानून बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया जाएगा, ताकि नजूल भूमि में काबिज लोगों तथा सभी पट्टाधारकों को उनकी प्रापर्टी घोषित कर भू-स्वामी बन सकें। शहर को एक योजनाबद्ध तरीके से विकसित करने कार्ययोजना बनाई जाएगी। शहर की सभी स्ट्रीट लाईटें सौर ऊर्जा के माध्यम से संचालित करने की बड़ी परियोजना पर काम किया जाएगा। आवागमन व्यवस्था को बेहतर करने स्थानीय सड़कों, फुटपाथों का निर्माण करेंगे। इसी तरह ऑटो रिक्शा व ई-रिक्शा चालकों के लिए ऑटो स्टैंड में चार्जिंग पाइंट की स्थापना की जाएगी, ताकि परिवहन की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके। महाविद्यालयों व हाईस्कूलों में फ्री वाई-फाई की सुविधा स्थापित करेंगे। वही शहर में चिन्हित 50 स्थानों पर वाई-फाई स्पॉट विकसित किया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को मुक्त इंटरनेट सुविधा का लाभ मिल सके।

### भाजपा प्रत्याशी आज शहर के आधा दर्जन वार्डों में

भाजपा महापौर पद के उम्मीदवार मधुसूदन यादव प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क करते आम नागरिकों से कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं। कल 5 फरवरी को आधा दर्जन वार्डों में पहुंचकर अपने जनसंपर्क अभियान को गति प्रदान करेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री यादव दोपहर 2 बजे अपने जनसंपर्क अभियान का प्रारंभ वार्ड नं. 30 सरदार वल्लभभाई पटेल से करेंगे। तत्पश्चात वार्ड नं. 29 कैलाश नगर, वार्ड नं. 28 विवेकानंद वार्ड, वार्ड नं. 27 तिलक वार्ड गंज लाईन-भरकापारा में जनसम्पर्क करते वार्ड नं. 26 सुभाष वार्ड कामठी लाईन-रामाधीन मार्ग पहुंचेंगे, फिर वे रात्रि में वार्ड नं. 25 सूर्यमुखी वार्ड गुड़ाखू लाइन में घर-घर पहुंचकर लोगों का समर्थन हासिल करेंगे। इस दौरान उक्त वार्डों के पार्षद पद के प्रत्याशी एवं अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## नशामुक्ति के लिए रैली का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 3 फरवरी को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में नशा के विरूद्ध जनजागरूकता जगाने के उद्देश्य से रासेयो व रेड क्रास ईकाई के तत्वाधान में ''नशामुक्ति हेतु रैली''का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. उमरे ने कहा कि नशा हम नहीं खाते नशा हमें खा जाता है। शौकिये तौर से प्रारंभ होता है बाद में आदत में बदल जाती है। इससे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व आर्थिक नुकसान होता है। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि व्यक्ति में विचार शक्ति समाप्त हो जाती है, कैंसर जैसे महारोग के शिकार हो जाता है। रेडक्रॉस प्रभारी शिवनेन्द्र नागपुरे ने कहा कि तंबाकू को हाथ में रखकर व्यक्ति रगड़ता है, यानी अपने जीवन रेखा से खुद ही मिटाता है। नशामुक्ति के जनजागरूकता के लिए रैली निकाली गई। हाथ में पोस्टर-बैनर के साथ जागरूकता के नारे लगाए। बीड़ी पीकर खांस रहा है।

## वोटिंग मशीन का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगरीय निकायों के आम चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से संपन्न होंगे। इस संबंध में आम मतदाताओं के जागरूकता एवं वोटिंग मशीन के संबंध में जानकारी देने ईवीएम प्रदर्शन जागरूकता प्रदर्शन सभी वार्डों में किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में ईवीएम जानकारी एवं जागरूकता के लिए नगरीय निकाय के अंतर्गत वार्ड में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी लगाई गई है, जो ईवीएम संचालन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी आम नागरिकों को डेमोंस्ट्रेट करके बता रहे हैं। साथ ही उनकी शंकाओं व जिज्ञासाओं का निराकरण कर रहे हैं। वोटिंग मशीन प्रदर्शन एवं जागरूकता अभियान नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों में किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम क्षेत्र राजनांदगांव के वार्ड नंबर 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 14, 15, 36, 28, 40, 42, 43 सहित अन्य वार्डों में प्रदर्शन किया गया, शेष वार्डों में प्रदर्शन जारी है।

### इस तरह होगा मतदान

मतदाता को पहले महापौर या अध्यक्ष पद के लिए सफेद लेवल में अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा। पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी, फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेवल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करेंगे। पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आएगी, इस तरह मतदान संपन्न होगा। ईवीएम मशीन जागरूकता प्रदर्शन कार्यक्रम में सतविंदर सिंह भाटिया, ईश्वर डोनाडे, प्रशांत शांडिल्य, आलोक खोब्रागढ़े, संजय सिंह, नवल किशोर रावटे, याकूब कुजूर, बीएल ठाकुर, सुशील सावरकर, एलआर बंजारी, विजय सोनी के साथ ही मास्टर ट्रेनर एवं अन्य कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## स्कूल में मना दादा-दादी व नाना-नानी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग, ब्रांच जयस्तंभ चौक, नीरज फाउंडेशन स्कूल न्यू खंडेलवाल कॉलोनी में दादा-दादी व नाना-नानी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा विशेष पूजा-अर्चना के साथ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात दादा-दादी, नाना-नानियों के स्वागत उपरांत सुमधुर गीतों की प्रस्तुति में भिन्न-भिन्न प्रकारों की खेल प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। जिसमें वरिष्ठजनों ने भाग लिया और इन आयोजनों को सराहा। संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने वरिष्ठजनों का आभार जताया एवं दादा-दादी, नाना-नानियों द्वारा बच्चों को संस्कार देने में महति भूमिका निभाने साधुवाद दिया। साथ ही बाजपेयी ने कहा कि बच्चों को अपने धर्म-संस्कार का पालन करना सिखाने की जवाबदारी माता-पिता के अलावा दादा-दादी, नाना-नानियों की भी होती है। बच्चों के पहले गुरू माता-पिता के अलावा दादा-दादी, नाना-नानी भी होते हैं। इस कारण वरिष्ठजनों से बाजपेयी ने आग्रह किया कि बच्चों को अपने धर्म को निष्ठा से पालन करने के साथ ही अन्य धर्मों का आदर करने की सीख देने की कामना की।

## साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ साहित्य समिति और कस्तूरबा महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी को मां सरस्वती पूजन सहित बगरो-बसंत पर साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडवानी गायिका तरुणा साहू द्वारा मां वीणावादन के चरणों में पंडवानी के सुरों से लोकरंगी कला पुष्प अर्पित किया गया। रेल्वे सुरक्षा बल अधिकारी श्रीमती साहू की पंडवानी सुनने बड़ी संख्या में कस्तूरबा की समाजसेवी महिलाए एवं कवि व साहित्यकारों की उपस्थिति रही।

बसंत पंचमी पर आयोजित कस्तूरबा व साहित्य समिति इस आयोजन में मुख्य अतिथि समाजसेवी रत्ना ओस्तवाल ने साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी और महादेवी वर्मा के वृतांत को सुनाकर आयोजन को जीवंतता प्रदान की। वहीं कृषि विस्तार अधिकारी व कवयित्री सुषमा शुक्ला ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की यशोधरा कविता सुनाकर नारी पीड़ा को व्यंजित किया। इस दौरान साहित्यकार आत्माराम कोशा ने छत्तीसगढ़ की दया-मया-पीरा का सुमधुर बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते प्रा. डॉ. कृष्ण कुमार ने ऋतु राज बसंत के आगमन के संदर्भ में कामदेव के अनंग होने की कथा सविस्तार बताई और सबको बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कवयित्री अनिता जैन, कवि लखनलाल साहू, कवि आनंदराम सार्वा, पवन यादव, कवयित्री माया अग्रवाल, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान प्रभा बरडिया, जनकबाई गुप्ता, शकुन गुप्ता, दुर्गा खंडेलवाल, मोना लोहिया, भगवती खंडेलवाल, प्रवीण गुप्ता, सीताराम वैष्णव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## प्लास्टिक झोले में छुपा कर रखी थी महाराष्ट्र की शराब



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से महाराष्ट्र की शराब तस्करी कर रहे आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार एसपी यशपाल सिंह के निर्देशन एवं एएसपी पीताम्बर पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी निरीक्षक अश्वनी राठौड़ के नेतृत्व में आगामी ग्राम पंचायत चुनाव के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रखते अवैध शराब कोचियों, तस्करों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार एक मोटर साइकिल में दो व्यक्ति 2 प्लास्टिक के झोले, बोरी में संदिग्ध सामान लिए जा रहे थे, जिसे पुलिस ने रोककर पूछताछ कर तलाशी लिया। जिससे दोनों के पास से बहुत मात्रा में शराब पाया गया। आरोपी लोकदीप बोरकर 35 वर्ष के कब्जे से यामहा बाइक एवं एक सफेद रंग के प्लास्टिक झोला में 30 पौवा महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संतरी प्लेन शराब, आरोपी नितिश ढुबे 25 साल के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 66 पौवा महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संतरी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।


अवश्यकता है
अनुदेशक (इलेक्ट्रिशियन, कोपा)
योग्यता – बी.ई./डिप्लोमा/आई.टी.आई.
इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिवस के अन्दर आवेदन करें। वेतन योग्यतानुसार।
कमलादेवी प्रा. आई.टी.आई
पता- अंबागढ़ चौकी रोड, मोहड़, डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 9098826123, 9893176801 ईमेल- kamladeviiti55@gmail.com

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक / युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
Resume Whatsapp करें
8319268069, 9425565082
7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें
15 से 17 फरवरी 2025, 20 से 22 फरवरी 2025
-: सुविधाएं :-
प्रथम यात्रा- स्पेशल स्लीपर बस, प्रयागराज (टेंट),नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड, सहयोग राशि 8100/- प्रति व्यक्ति
द्वितीय यात्रा- पुश बैक बस 2/2, प्रयागराज (टेंट),नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड, सहयोग राशि 6100/- प्रति व्यक्ति
तृतीय यात्रा- 6 व्यक्ति (इनोवा क्रिस्टा), होटल, नाश्ता, रात्रि भोजन, सहयोग राशि 12001/- प्रति व्यक्ति
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

PARIHAR HOSPITAL
Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
की OPD सुविधाएं, अब आपके शहर कवर्धा में
दिनांक : 06 फरवरी 2025 | सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
स्थान : परिहार हॉस्पिटल, मिनीमाता चौक, बिलासपुर रोड, कवर्धा



डॉ. नीलेश जैन
MD, PDF (Hematology & BMT)
(पूर्व चिकित्सक टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता)
बालको मेडिकल सेंटर
95+ से अधिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट कर चुके हैं
रक्त संबंधित बीमारियाँ जैसे
• खून की कमी
• सिकल सेल एनीमिया
• थैलेसेमिया
• शरीर के किसी भी हिस्से से रक्त स्त्राव
• बार-बार ब्लड आना
• शरीर में लाल दाने अथवा चकते आना
• बार-बार बुखार का आना
• रक्त संबंधित कैंसर आदि
• शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ का होना
• लंबे समय तक न भरने वाला जख्म या छाला
• बिना प्रयास के वजन कम होना
• लगातार थकान व कमजोरी
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9301923453
8282824444 नया रायपुर, छ. ग.
ATUL